

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 21 जनवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-293 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 22 जनवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112




# पथराई आंखों में खुशी के आंसू

## राजधानी पर चढ़ा भगवा रंग, प्रभु श्री राम का ननिहाल राममय

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,21 जनवरी।** कण-कण में राम, रोम-रोम में राम, चहुंओर राम। भारत ही क्या पूरी दुनिया प्रभु श्रीराम के रंग में रंगी हुई है। जब प्रभु राम लंका विजय के बाद अयोध्या लौटे थे तब त्रेता युग में ऐसा ही उत्साह व दृश्य रहा होगा। आज हर कोई 22 जनवरी का इंतजार कर रहा है। इस तिथि को भगवान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। जो लोग अयोध्याधाम नहीं पहुंच पाएंगे वे इस अलौकिक, अनुपम और ऐतिहासिक अनुष्ठान के टीवी के माध्यम से साक्षी बनेंगे। पांच सौ वर्षों से इस पल का पथराई आंखों से इंतजार किया जा रहा था आज इन नयनों में हर्ष व भक्ति के अश्रु झर रहे हैं। राजधानी रायपुर पर भी भगवा रंग चढ़ गया है। रायपुर ही क्या पूरा देश राममय हो गया है। गली-कूचों, चौक-चौराहे, मंदिर-देवालय, मुख्य सड़क और दुकान प्रतिष्ठानों में भगवा ध्वज व तोरण फहरा रहे हैं। दीपावली की तरह सजावट की गई है। हर कोई प्रभु राम की प्रतीक्षा में है। 22 जनवरी को दीपावली से बड़ा महाउत्सव मनाया जाएगा। त्रेता युग के बाद संभवतः ऐसा अवसर कलयुग में आया है। यह ऐतिहासिक है। यह दिन देवी-देवताओं की देव किताबों में भी दर्ज किया जाएगा। रायपुर के सभी मंदिरों में राम धुन व भजन चल रहा है। प्रभु के स्वागत में जयस्तंभ चौक पर विशाल भगवा मंच बनाया गया है। कई स्थानों पर राम प्रसाद यानी भंडारा का आयोजन किया गया है। शहर का माहौल बदला सा नजर आ रहा है। सर्वत्र उत्साह व आनंद की बयार बह रही है। हर कोई अपने रामलला को दुलारने को आतुर है। आखिर वे हमारे भांजा जो हैं।

### आज छत्तीसगढ़ में बनेंगे 3 विश्व रिकॉर्ड

भगवान राम की नगरी अयोध्या में राम लला के विराजमान होने को अब 48 घंटे से भी कम समय रह गया है. उससे पहले ही पूरा देश राम के रंग डूब चुका है. राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए न सिर्फ अयोध्या बल्कि देशभर में तैयारियां चल रही है. भगवान राम का ननिहाल छत्तीसगढ़ पूरी तरह से राममय होने की तैयारी कर चुका है. प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व सांध्य पर आज रायपुर में 'भांचा राम ननिहाल महोत्सव' मनाया जाएगा. इस दौरान छत्तीसगढ़ राष्ट्रवादी संघ तीन बड़े विश्व रिकॉर्ड बनाने जा रहा है. रायपुर के साइंस कॉलेज में धान से बनी हुई विश्व की सबसे बड़ी राम जी की रंगोली बनाई जाएगी. विश्व का सबसे लंबा 2000 मीटर लंबा रामनामी गमछा तैयार किया जाएगा.501 बच्चे राम जी का रुप बनाकर भव्य शोभायात्रा निकालेंगे. झांकी साइंस कॉलेज से राम मंदिर तक जाएगी. वीआईपी रोड पर बने राम मंदिर में 22 जनवरी को दिनभर भजन कीर्तन का आयोजन होगा. राम मंदिर में सुबह से शाम तक नेता मंत्री और विधायकों का दर्शन और आने जाने का सिलसिला चलता रहेगा. प्रदेशभर में जितने भी जिला मुख्यालय हैं वहां कांग्रेस कार्यकर्ता हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करेंगे. पाठ में सभी कांग्रेस के नेता और विधायक शामिल होंगे. चंदखुरी के कौशल्या मंदिर में हवन का आयोजन किया गया है. मंदिर में बड़ी संख्या में पहुंचकर भक्त हवन और पूजन में शामिल होंगे. सुंदरकांड का पाठ भी यहां किया जाएगा. मंदिर में कांग्रेस भी सुंदरकांड का पाठ करने पहुंचेगी. प्रदेश के ज्यादातर आश्रम और छात्रावास में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाने की व्यवस्था की जाएगी. शिक्षा विभाग और शासन की ओर से आश्रम और छात्रावासों सहित दफ्तरों में शंखध्वनी



और घंटी बजाई जाएगी. शाम के वक्त लोग अपने अपने घरों पर दीपोत्सव भी करेंगे. नवा रायपुर यानि स्मार्ट सिटी में 20 चौक चौराहों पर स्पीकर के जरिए और एलईडी की मदद से लोगों को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा देखने का अवसर दिया जाएगा.

## संक्षेप



**रायपुर,21 जनवरी.** केंद्रीय गृहमंत्री का आज यहां पहुंचने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वामी विवेकानंद विमानतल पर पुष्प भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया.

### खून से लथपथ अधेड़ का शव मिला

**कवर्धा,21 जनवरी।** जिले के लालपुर कला में नर्सरी के पास एक अधेड़ व्यक्ति की खून से लथपथ लाश मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई है. मृतक का नाम साधराम यादव है जो कि स्थानीय गौशाला में चरवाहे का काम किया करता था. वारदात की सूचना के बाद ग्रमीणों ने सिटी कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची हुई है.जानकारी के मुताबिक, बुजुर्ग की लाश में किसी धारदार हथियार की वार से बने जख्म के निशान मिले है. वहीं मृतक के परिजनों के मुताबिक उसकी हत्या आपसी रंजिश के चलते की गई है. फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस डॉग स्क्वाड की मदद से मौके से सबूत इकठ्ठा करने में जुटी हुई है. वहीं मृतक के परिजनों से पूछताछ की जा रही है. हत्या कि इस वारदात के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

### महिला की अधजली लाश मिली

**बेमेतरा,21 जनवरी।** अज्ञात महिला की अधजला शव मिला है। पीएम के लिए रायपुर के मेकाहारा भेजा गया है अज्ञात



महिला के अधजले आभूषण से शव की पहचान की जा रही है। बेमेतरा के आसपास के गांव समेत रायपुर के उरला इलाके में जेवर के आधार पर महिला की पहचान के लिए फोटो वायरल किए गए हैं..आरोपियों की तलाश और महिला की शिनाख्त के लिए बेमेतरा सायबर सेल और रायपुर सायबर सेल समेत कंडका चौकी पुलिस जांच में जुटी है.

### राजधानी में सुबह हुई जमकर बारिश

**रायपुर,21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में कल रात से कई जिलों में रुक-रूककर बारिश का सिलसिला जारी है. प्रदेश के कई इलाकों में दो दिन से धूप नहीं निकलने और आज अचानक हुई बारिश से राजधानी रायपुर समेत आसपास के कई जिलों में ठिठुरन बढ़ गई है. राजधानी रायपुर का भी अधिकतम तापमान 2 डिग्री कम हो गया है. मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में प्रदेश में और सर्दी बढ़ेगी. रविवार को कुछ इलाकों में बारिश भी हो सकती है. मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी से प्रदेश में नमी आने के कारण रविवार को आंशिक रूप से कई इलाकों में बादल छाए रहेंगे. इसके साथ ही रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बलौदाबाजार और जांजगीर जिले में बारिश हो सकती है. इसके साथ ही उत्तरी छत्तीसगढ़ के इलाकों में न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरू होगी. वहीं सर्द हवा का दौर फिलहाल जारी रहेगा. मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि, दक्षिण हवा के आगमन की निरंतरता बनी हुई है, जिसका असर मध्य इलाके में नजर आ रहा है. इसके प्रभाव से दिन का तापमान सामान्य से काफी नीचे जा चुका है और ठंड का प्रभाव महसूस हो रहा है. हवा की दिशा अनियमित है.





रायपुर,21 जनवरी। श्री हनुमान सेवा दल के तत्वावधान में कांग्रेस नेता पंकज मिश्रा ने अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बैग का वितरण किया। इस बैग में श्री राम स्तुति और ध्वज है।

# पहली बार अंतरिक्ष से भगवान श्रीराम मंदिर के अद्भुत दर्शन

**नई दिल्ली/हैदराबाद, 21 जनवरी ।** अयोध्या में कल यानी 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद यहां मौजूद रहेंगे. उससे पहले इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अंतरिक्ष से करवा दिया राम मंदिर का भव्य दर्शन. अंतरिक्ष से पहली बार श्रीराम मंदिर और अयोध्या की तस्वीर ली है.



इस तस्वीर के लिए इसरो ने भारतीय रिमोट सेंसिंग सीरीज के एक स्वदेशी सैटेलाइट का इस्तेमाल किया है. इस तस्वीर में सिर्फ श्रीराम मंदिर ही नहीं बल्कि अयोध्या का बड़ा हिस्सा दिख रहा है. नीचे की रेलवे स्टेशन दिख रहा है. राम मंदिर के दाहिने की तरफ दशर महल दिख रहा है. ऊपर बाएं तरफ सरयू नदीं और उसका बाढ़ क्षेत्र दिख रहा है, जिसे कछार भी कहते हैं. आपको हैरानी होगी यह जानकर की यह तस्वीर एक महीने पहले यानी 16 दिसंबर 2023 को ली गई थी. उसके बाद से अयोध्या का मौसम बदलता चला गया है. काफी ज्यादा कोहरा होने की वजह से सैटेलाइट दोबारा तस्वीर नहीं ले पाई. भारत के पास अंतरिक्ष में इस समय 50 से ज्यादा सैटेलाइट्स मौजूद है. जिनका रेजोल्यूशन एक मीटर से कम है. यानी ये सैटेलाइट इतने ताकतवर हैं कि एक मीटर से कम आकार की वस्तु की भी स्पष्ट तस्वीर ले सकते हैं. इन तस्वीरों को प्रोसेस और संभालने का काम हैदराबाद स्थित नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर में किया जाता है. तस्वीर भी वहीं से जारी होती है. सिर्फ इतना ही नहीं मंदिर के निर्माण में ढ्रुस्त्रह्व की तकनीक का इस्तेमाल किया गया है.

आप जानना चाहेंगे कि कैसे? असल में मंदिर का निर्माण करने वाली कंपनी लार्सेन एंड टुर्बो ने ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम आधारित को-ऑर्डिनेट्स हासिल किए. ताकि मंदिर परिसर की सही जानकारी मिल सके. ये कॉर्डिनेट्स 1-3 सेंटीमीटर तक सटीक थे. इस काम में इसरो के स्वदेशी जीपीएस यानी NavIC यानी नेविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टीलेशन का इस्तेमाल किया गया. इसके जरिए प्राप्त सिग्नल से ही नक्शा और

## 22 जनवरी को कड़वाहट खत्म कर राष्ट्र निर्माण में जुटें : भागवत

**नागपुर,22 जनवरी।** रामनगरी अयोध्या में 22 जनवरी को बेहद शानदार कार्यक्रम में राम मंदिर का उद्घाटन होने के साथ ही गर्भ ग्रह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इस प्राणों प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेने के लिए देश के अयोध्या पहुंचेंगे और इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनेंगे। प्राण प्रतिष्ठा होने से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का बड़ा बयान सामने आया है। प्राण प्रतिष्ठा से पहले मोहन भागवत ने कड़वाहट मिटाने के साथ विवाद खत्म करने की अपील की है। मोहन भागवत ने एक लेख के जरिए हर तरह की कड़वाहट को खत्म करने का अनुरोध किया है। बता दें कि यह लेख प्राण प्रतिष्ठा के संदर्भ में लिखा गया है। इस लेख में उन्होंने लिखा है कि राम मंदिर को लेकर जो भी कड़वाहट पैदा हुई है वो खत्म होनी चाहिए। विवाद खत्म करने के लिए समाज के प्रबुद्ध लोगों को भी कदम उठाने होंगे। अयोध्या की नई पहचान ऐसी होनी चाहिए कि यहां युद्ध का जिक्र ना हो। मोहन भागवत ने लिखा कि भारत में वर्षों से कई आक्रमणकारी आते रहे, जिनसे लड़ने में भारत ने लगातार संघर्ष किया है। इन आक्रमणकारियों का उद्देश्य लूटपाट करना होता था। इस्लाम के नाम पर जितने भी आक्रमण हुए है वो देश में अलगाव लेकर आए है। विदेशी आक्रमणकारियों ने भारत के मंदिरों को भी ध्वस्त कर दिया था। आक्रमणकारियों ने ऐसा एक बार नहीं बल्कि कई बार किया क्योंकि उनका उद्देश्य भारतीय समाज को हतोत्साहित और कमजोर करना था। अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर को भी इसी मनोदशा के साथ विध्वंस किया गया था।

## अफगानिस्तान में क्रैश हुआ रूस जा रहा विमान

**काबुल,21 जनवरी।** अफगानिस्तान में एक बड़ा प्लेन हादसा हो गया है। मास्को जा रहा एक भारतीय विमान अफगानिस्तान में ऋश हो गया। यह भारतीय विमान अफगानिस्तान के रास्ते रूस जा रहा था। विमान हादसे की जानकारी अफगान मीडिया ने दी है। जानकारी के मुताबिक हादसा अफगानिस्तान के बादख्शां प्रांत में हुआ है। अफगानिस्तान में एक बड़ा प्लेन हादसा हो गया है। मास्को जा रहा एक विमान अफगानिस्तान में ऋश हो गया। यह विमान अफगानिस्तान के रास्ते रूस जा रहा था। विमान हादसे की जानकारी अफगान मीडिया ने दी है। जानकारी के मुताबिक हादसा अफगानिस्तान के बादख्शां प्रांत में हुआ है। शुरुआत में जानकारी आई थी कि ये भारतीय विमान था, मगर भारत सरकार ने इससे इंकार कर दिया है। इस विमान में भारतीय यात्री सवार थे।बादख्शां प्रांत की पुलिस के मुताबिक यह प्लेन कल रात से ही रडार से गायब था। विमान अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में ऋैश हुआ है। ये इलाका चीन, तजाकिस्तान और पाकिस्तान से लगता है। बदख्शां के सूचना और संस्कृति विभाग के प्रमुख जबीहुल्लाह अमीरी ने कहा कि एक यात्री विमान बदख्शां प्रांत के कुरान-मुंजन और ज़बिक जिलों के साथ तोपखाना के पहाड़ों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### भारत सरकार ने दिया अपडेट

इसी बीच भारत की मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन ने कहा है कि अफगानिस्तान में जो विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है वो भारतीय शेड्यूल का विमान नहीं है। ये विमान भारतीय नॉन शेड्यूल का भी नहीं है और ना ही चार्टर विमान है। ये विमान मोरक्को में रजिस्टर्ड था।



## रायपुर के चार बदमाश पिस्टल,मैगजीन कारतूस के साथ पाक बार्डर में गिरफ्तार

**रायपुर,21 जनवरी।** रायपुर निवासी 4 बदमाशों को पंजाब के गुरुदासपुर पुलिस ने इंडिया-पाकिस्तान बॉर्डर पर हथियार और हेरोइन तस्करी करते गिरफ्तार किया है. रायपुर के वीर सावरकर नगर हीरापुर निवासी रूपिंदर उर्फ पिंदर, मेहताब सिंह, कवलजीत सिंह समेत बलराज सिंह को बंदी बनाया गया है .गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 9 पिस्टल,10 मैगजीन,15 जिंदा कारतूस समेत आधा किलो हेरोइन जब्त किया गया है। रायपुर पुलिस ने रूपिंदर उर्फ पिंदर और बलराज सिंह को पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है.सभी गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है.गुरदासपुर एसएसपी ने पूरे मामले का खुलासा किया है.

# 22 को होगी प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा

**नई दिल्ली,21 जनवरी।** पीएम मोदी सोमवार को अयोध्या में 5 घंटे तक रहेंगे और शुभ समारोहों व सार्वजनिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वह प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार हैं और पहले से ही 11 दिनों का अनुष्ठान कर रहे हैं।

अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। सोमवार को वह राम नगरी में 5 घंटे तक रहेंगे और शुभ समारोहों व सार्वजनिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और पहले से ही 11 दिनों का विशेष अनुष्ठान कर रहे हैं। इसमें बिस्तर छोड़कर फर्श पर सोना और नारियल पानी सेवन करने जैसे नियम शामिल हैं। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि पीएम मोदी प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में जागकर 1 घंटा 11 मिनट तक मंत्र का जाप करते हैं। पीएम मोदी ने आज यानी रविवार को तमिलनाडु के धनुषकोडी में श्री कोठंडारामस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की और अरिचल मुनाई भी गए। कहा जाता है कि अरिचल मुनाई वह स्थान है जहां राम सेतु का निर्माण हुआ था। कोठंडाराम का अर्थ है धनुषधारी राम। शनिवार को उन्होंने श्रीरंगम और रामेश्वरम में श्री रंगनाथस्वामी और अरुल्मिगु रामनाथस्वामी मंदिरों का दौरा किया था। रामायण से जुड़े तमिलनाडु के मंदिरों का उनका दौरा प्राण प्रतिष्ठा समारोह से ठीक पहले हो रहा है।

शाम को 10 लाख दीपों से जगमग होगी अयोध्या

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूरा होने के बाद 22 जनवरी की शाम अयोध्या 10 लाख दीपों से जगमगाएगी। अधिकारियों ने बताया कि मकानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और पौराणिक स्थलों पर राम ज्योति प्रवलित की जाएगी। अयोध्या सरयू नदी के तटों की मिट्टी से बने दीपों से रोशन होगी। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पूर्ण होने के बाद राम ज्योति प्रज्ज्वलित कर दीपावली मनाई जाएगी। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि 22 जनवरी की शाम 100 प्रमुख मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर दीप जलाए जाएंगे और इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। सरकार की मंशा के अनुरूप दीप जलाए जाएंगे तो इसमें स्थानीय कुम्हारों की मदद ली जा रही है और उनसे दीपों को खरीदा जा रहा है।

# जैजैपुर रामनामी मेला: हमारे पूर्वजों ने 150 साल पहले बता दिया था राममंदिर निर्माण की तिथि

**रायपुर,21 जनवरी।** 150 साल पहले हमारे पूर्वजों ने बता दिया था कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा शुक्ल पक्ष एकादशी से त्रयोदशी के बीच होगी. 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में हो रही है. उसकी तिथि हमारे पूर्वजों ने पहले ही बता दी थी. हमारा मेला भी इसी तिथि में भरता है और अद्भुत संयोग है कि श्रीराम के भव्य मंदिर में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा इस समय हो रही है. पता नहीं क्या है इस तारीख में जो पंडित बता रहे हैं वही हमारे पूर्वजों ने भी बताई. ये राम ही बताएंगे. यह बात सक्ती जिले के जैजेपुर में चल रहे रामनामी मेला में आये श्री गुलाराम रामनामी ने बताई.

गुलाराम और उनके साथी बताते हैं कि पूर्वजों की कही बात पूरा होने से हम लोग बहुत खुश हैं. रामनामी मेले के बारे में बताते हुए खम्हरिया से आये श्री मनहरण रामनामी ने बताया कि हर साल इसी तिथि में मेले का आयोजन होता है. एक साल महानदी के इस पार और एक बार महानदी के उस पार. मनहरण ने बताया कि 150 साल पहले से हम लोग भजन गाते आये हैं. पहले छोटे भजन गाते थे 15 साल से बड़े भजन की शुरूआत हुई. सरसकेला से आई सेजबना ने बताया कि मैं बचपन से भजन गाती हूं. 7 साल से राम नाम गोदवाया है. मेरे माता-पिता भी भजन गाते थे. यह चौथी पीढ़ी है जो भजन गा रही है. राम नाम की महिमा अपरंपार है. जिस परिसर में यह सब



भजन गा रहे हैं. उस परिसर में भी उन्होंने राम नाम लिखवा लिया है. अपने घर में राम का नाम लिखा है. वस्त्रों में राम का नाम लिखा है. रामनामी राम के नाम के उपासक हैं. रामनामियों ने कहा कि किसी भी रूप में राम को भजो, चाहे गेरुवा पहन कर भजो, चाहे मुंडन कराओ लेकिन भेदभाव न करो. छलकपट न करो. यही उनका संदेश है. गुलाराम बताते हैं कि मेला परिसर के तीन किमी के दायरे में मांस-मदिरा निषेध है. जैसे लोग मंदिर में जूता छोड़कर जाते हैं, वैसा ही हम मानते हैं कि हमारे ह्रदय में राम का वास है. हमने शरीर के हर अंग में राम का नाम लिखा है तो हमने यह संकल्प लिया है कि हम अपने शरीर को दूषित नहीं कर सकते. इसलिए मांस-मदिरा से परहेज करते हैं. इसके साथ ही हम छ्ल-कपट से भी दूर रहते हैं. गुलाराम कहते हैं कि राम सभी जाति धर्मों से परे सबके हैं.]जैजेपुर में भजन जारी है. रामनामी मनहरण गा रहे हैं. जो राम को भजै सो राम का होई. जब उनको सुनते हैं तो भारत रत्न पंडित भीमसेन जोशी का भजन याद आता है जो भजे हरि को, सोही परम पद पायेगा. रामनामी अपनी हर बात में मानस का कोई दोहा अथवा कबीर का कोई दोहा गाते हैं. उन्होंने बताया कि हमने सब कुछ अपने राम को समर्पित कर दिया है.

एक किस्सा बताते हुए मनहरण बताते हैं कि एक बार महानदी में बड़ी बाढ़ आई. इसमें कुछ रामनामी सवार थे और कुछ लोग सामान्य लोग थे. धार बहुत बढ़ गई. नाविक ने कहा कि अब राम नाम याद कर लो, सबका अंत याद आ गया है. फिर राम नाम का भजन गाया. फिर बहाव कम हो गया और सब सुरक्षित तट पर लौटे. ये 1911 की बात है. हम सबको यह बताते हैं. इसी दिन से मेला भरना शुरू हुआ.

# लापरवाह नोडल अधिकारी को नोटिस जारी करने कलेक्टर के खाद्य अधिकारी को निर्देश

## कलेक्टर ने ग्राम पंचायत अण्डा स्थित धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग 21 जनवरी।** जिले की कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने ग्राम पंचायत अण्डा के स्थित धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समिति प्रबंधक राजकुमार से धान संबंधी जानकारी ली। धान उपार्जन केन्द्र में समिति प्रबंधक के द्वारा लापरवाही बरतने पर नोडल अधिकारी श्रीमती संगीता जोशी को नोटिस जारी करने के खाद्य अधिकारी को निर्देश दिये। धान उपार्जन केन्द्र में 1887 पंजीकृत किसान है। जिसमें 1605 किसानों ने धान बेचा शेष किसान द्वारा धान बेचने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। अब तक कुल एक लाख नौ सौ पचहत्तर क्विंटल धान बेचा गया, शेष 20 हजार क्विंटल धान बेचने की प्रक्रिया में है। कलेक्टर ने निर्देश के बावजूद समिति प्रबंधक राजकुमार ने लापरवाही बरतने पर उन्हें निलंबित किये जाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार नोडल अधिकारी श्रीमती संगीता जोशी को नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने रिसामा स्थित सेवा सहकारी समिति मर्यादित द्वारा संचालित धान उपार्जन केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने नोडल अधिकारी से धान संबंधी जानकारी पूछने पर उन्होंने बताया कि कुल 1016 किसानों में से 960 किसानों ने धान बेचने का कार्य पूर्ण किया गया। उन्होंने सहायक प्रबंधक को निर्देश दिये कि मिलर से समन्वय बनाकर 1 से 2 दिन के भीतर मंडी से धान उठाने का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने रिसामा धान उपार्जन केन्द्र कार्य पूर्ण होने की दशा में उनके कार्य की सराहना की। उन्होंने खाद्य अधिकारी को निर्देश दिया कि वह मिलरों के स्टॉक की जांच करें जबतक धान की जांच नहीं होगा तबतक मिलर के पास धान नहीं जायेगा। लापरवाही पर जताई नाराजगी।

## रक्तदान शिविर में 19 यूनिट ब्लड एकत्रित



**दुर्ग 21 जनवरी।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, सीएमएचओ डॉक्टर जेपी मेश्राम, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर ए के साहू के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय में मरीजों के लिए आपात स्थिति को देखते हुए रक्त की उपलब्धता बनाए रखने हेतु दुर्ग जिला रक्त केन्द्र के द्वारा लगातार रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। 20 जनवरी को दुर्ग जिला देवांगन समाज द्वारा परमेश्वरी आश्रम बघेरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 19 यूनिट बहुमूल्य रक्त एकत्रित किया गया। जिला रक्त केंद्र के नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार अग्रवाल एवं प्रभारी अधिकारी डॉक्टर नेहा नलवाया के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में डॉ. पीयूष गायक ,डॉ दिनेश प्रजापत, काउंसलर एंथोनी ,वरिष्ठ लैब तकनीशियन रोशन सिंह सुपरवाइजर रूपेश सर्पे, स्टाफ नर्स तरूणा रावत, प्रयोगशाला टेक्नीशियन तीरथ, तरन्नुम, महेंद्र चंद्राकर, चतुर्थ श्रेणी श्री कौशल साहू, देवांगन समाज से श्री दुष्यन्त देवांगन आदि की उपस्थिति व सहयोग से कैंप का सफल सम्पादन किया गया ह कैंप के सफल सम्पादन हेतु नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार अग्रवाल ने सभी का आभार प्रकट कर आगे भी अनवरत रक्तदान किए जाने के हेतु प्रोत्साहित कर सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## एक नजर

### फरार कैदी पर जुर्म दर्ज

**भिलाई 21 जनवरी।** हत्या के आरोप में सजा काट रहा आरोपी अस्थाई रूप से रिहा होने के बाद तय समय पर जेल नहीं पहुंचा कैदी के फरार होने की शिकायत पद्मनाभपुर थाना में कराई गई पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 229 ए के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के मुताबिक केंद्रीय जेल दुर्ग में दंडित बंदी जसपाल सिंह पिता जगत सिंह (35 वर्ष) निवासी एचआईजी 2862 हाउसिंग बोर्ड जामुल एक मामले में धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा काट रहा है 30 दिसंबर 2023 को 14 दिन के लिए उसे अस्थाई मुक्ति पर रिहा किया गया था दंडित बंदी जसपाल सिंह को 16 जनवरी की शाम 5 बजे उपस्थित होना था किंतु बंदी तय समय पर उपस्थित नहीं हुआ इस पर फरार कैदी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### बुजुर्ग महिला की जलने से मौत

**भिलाई 21 जनवरी।** जामुल थाना क्षेत्र बीती रात एक बुजुर्ग महिला की जलने से मौत हो गई पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि वार्ड 7 जामुल निवासी दुखिया बाई (95 वर्ष) रात में मच्छर अगरबत्ती लगाकर सोई हुई थी रात में अचानक आग की चपेट में आकर झुलस गई और दुखिया बाई की मौत हो गई।

### छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भिलाई 21 जनवरी।** नेवई थाना क्षेत्र रिसाली प्रगति नगर पीजी में रहने वाले छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली वह किराए के मकान में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि बेमेतरा निवासी अमन वर्मा (19 वर्ष) नीट की तैयारी करने भिलाई आया था रिसाली प्रगति नगर में पेइंग गेस्ट रहकर तैयारी कर रहा था पीजी के मालिक ने सूचना दिया कि कमरे में अमन ने फांसी लगा लिया है मौके पर पहुंचे देखा वह पंखे से लटका था।

### ग्रामीण लोक कला उत्सव का आयोजन

**भिलाई 21 जनवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग सीएसआर द्वारा प्रतिवर्ष ग्रामीण लोकोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस लोकोत्सव के तहत चयनित कला मंडलियों को संयंत्र द्वारा आयोजित लोककला महोत्सव में आमंत्रित किया जाता है। इसी कड़ी में 21 जनवरी 2024 को ग्राम मंचादुर में और सेल स्थापना दिवस के अवसर पर 24 जनवरी 2024 को ग्राम कुरूद में लोककला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

# इस्पात बिरादरी के 666 सदस्य होंगे लॉग सर्विस अवॉर्ड से सम्मानित, सेल स्थापना दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 21 जनवरी।** देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक इस्पात उत्पादक कंपनी, स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के स्थापना दिवस 24 जनवरी को सेल की सभी इकाइयों में सेल गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके उपलक्ष्य में 24 जनवरी को भिलाई इस्पात संयंत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। सेल, जो 24 जनवरी, 1973 को संगठित की गई थी, अपने उत्पादन और उपलब्धियों का उत्सव मना रही है। सेल स्थापना काल से ही इस्पात उत्पादन और देश के विकास में भागीदार रहा है। इस तारतम्य में, 24 जनवरी को भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को प्रत्येक वर्ष की तरह, इस वर्ष भी दीर्घ सेवा सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। इस वर्ष कुल 666 कर्मचारियों को दीर्घ सेवा सम्मान प्राप्त होगा। जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र में पिछले 25 वर्षों से निरंतर अपनी सेवा देने वाले 40 कार्यपालक एवं 626 गैर कार्यपालक सम्मानित होंगे। कार्यपालकों को संयंत्र के मानव संसाधन विकास केंद्र में प्रातः 10:00 बजे भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, दीर्घ सेवा सम्मान से सम्मानित करेंगे। समारोह में संयंत्र के कार्यपालक निदेशकगणों सहित संयंत्र के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद होंगे। गैर कार्यपालकों को उनके सम्बंधित विभागों में दीर्घ सेवा सम्मान प्रदान किया जायेगा। रन फॉर सेल साथ ही, 24 जनवरी को प्रातः 8 बजे से जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में 5 किमी पैदल चाल/दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता हेतु, सेल निगमित कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा तय मापदंड के आधार पर श्रेणियां निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के श्रेणी अ में, कक्षा छठवीं तक के बच्चे, श्रेणी ब में कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के बच्चे, श्रेणी स में बारहवीं से ऊपर 45 वर्ष तक के, श्रेणी द में 46 वर्ष से 60 वर्ष तक तथा श्रेणी उ में भूतपूर्व कर्मचारी (सेवानिवृत्त) भाग ले सकते हैं। सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले एक धावक और धाविका को 5000 रूपये नगद पुरस्कार तथा सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले 6वीं कक्षा तक के छात्र एवं छात्रा को 3000 रूपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में सेल कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य तथा सेल द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाएं भाग ले सकती हैं। नेहरू आर्ट गैलरी प्रदर्शनी गौरतलब है सुरक्षा जागरूकता माह 2024 के अंतर्गत, सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा, 14 जनवरी 2024 को, सुनीति उद्यान सेक्टर-8 में, शालेय छात्र छात्राओं के लिए सुरक्षा थीम पर केंद्रित एक ड्रॉइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का अयोजन किया गया था। यह प्रतियोगिता, छात्र-छात्राओं को उनकी कक्षाओं के आधार पर 6 समूहों में बाँटा गया था। जिसमें, इस्पातनगरी एवं आसपास के 40 विद्यालयों के लगभग 1400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों और चयनित चित्रों की एक प्रदर्शनी का आयोजन, 24 जनवरी को नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर में किया जाएगा। सुरेश वाडकर नाइट सेल गौरव दिवस के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में, क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा, सुरेश वाडकर नाइट का आयोजन किया जा रहा है।

# सेलूद में 22 जनवरी को होगा भव्य कार्यक्रम, मनाएंगे दिवाली: खेमिन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई 21 जनवरी।** अयोध्या में प्रभु श्री रामचन्द्र जी की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के पवित्र दिन को दीपावली की तरह मनाने के लिए ग्राम सेलूद के राम भक्त टोलियों के द्वारा व्यापक तैयारी किया जा रहा है द्य रोज सुबह सुबह सैकड़ो की संख्या में बाजा गाजा के साथ प्रभातफेरी किया जा रहा है जो कि 22 जनवरी तक जारी रहेगा द्य 22 जनवरी को भव्य बनाने के लिए सदस्य गण घर घर जाकर अक्षत और निमंत्रण पत्र के माध्यम से सबको आमन्त्रित कर रहे है द्य मंदिरों की साफ सफाई की किया जा रहा है द्य हर घर दीपक जलाने की निवेदन के साथ फटाखे जलाने और रंगोली बनाकर उत्सव को भव्य बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है द्य 22 जनवरी को बजरंग चौक सेलूद से राम जानकी मंदिर भाठापारा तक विशाल भव्य विहंगम शोभायात्रा की तैयारी चल रही है द्य राम रामायण, जसगीत, अखाड़ा दरबार, राउत नाचा, सुवा नृत्य, गौरी गौरा, पंथी नृत्य, भव्य एवं आकर्षक राम दरबार के साथ बारहमासी त्योहार के आयोजन की तैयारी की जा रही है द्य सबको अपने अपने तरीके से स्वर्णिम पल को यादगार बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है द्य ग्राम की महिलावो पुरुषों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है द्य हिंदुओ के लिए 550 वर्ष बाद कई पीढ़ी के बीत जाने के बाद यह स्वर्णिम क्षण अपने जीवित जीवन काल मे आया है उसे पूरे परिवार के साथ उत्सव के साथ मनाने की तैयारियां चल रही है द्य कार्यक्रम को देखने के लिए आसपास के रामभक्त भी पहुंचेंगे द्य सबके लिए भोजन प्रसादी का भी प्रबंध किया गया है द्य ग्राम सेलूद की मुखिया खेमिन साहू ने बताया कि 22 जनवरी के ऐतिहासिक पल को दिवाली की तरह मनाने लिए गाम वासियों को आमन्त्रित किये है द्य पूरा गांव वाले अपने घर से निकलकर त्योहार में शामिल होंगे और एक दूसरे को बधाई शुभकामनाएं देंगे द्य पूरी तैयारी मिलकर कर रहे है ।

श्रीराम टोली के संयोजक टी पी शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी हिंदुओ के लिए नई किरण के साथ उजाला लेकर आएगा द्य हर घर मे राम जी की आरती पूजा होगी मंदिरों और घरों में दिया जलाया जाएगा रंगोली बनाई जॉयेगी, फटाखे फोड़कर खुशियां मनाई जाएगी द्य पड़ोसियों के घर जाकर दीप दान किया जाएगा द्य समस्त ग्राम वासियों एवं आसपास के गाँव वाले आकर बारहमसी रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लेंगे द्य सह संयोजक रमेश देवांगन ने बताया कि ये कलयुग में राम जी का साक्षात दर्शन का दिन है द्य हम सबके आराध्यदेव प्रभु श्रीरामचंद्र जी वर्षो बाद अपने दिव्य शिहासन में विराजमान हो रहे है द्य जो कि हमारे मानव जन्म लेने का जीवन सफल हो गया द्य सभी सनातनी अपने परिवार व इष्ट मित्रों के साथ मिलकर त्योहार मनाए द्य ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेंद्र बंछोर ने ग्राम वासियों से अपील किया है कि 22 जनवरी के दिन अनेकों प्रकार के आयोजन आयोजित किये जा रहे है द्य सभी नागरिक गन अनुशाषित एवं सभ्यता और संस्कारवान का परिचय देते हुए उत्सव को मनाएंगे द्य किसी प्रकार से कार्यक्रम में बाधा न आये उसके प्रशासन को भी सूचित किया गया है द्य ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित हो सके द्य पूरे देश विदेश के साथ ग्राम सेलूद में बहुत उत्साह का माहौल है द्य अपने भगवान श्रीराम चंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा के दिन को महत्वपूर्ण दिवस बनाने के लिए पूरा ग्रामीणजन तैयारी में लगे हुए है द्य एक एक क्षण को वीडियोग्राफी और ड्रोन कैमरा के माध्यम से सुरक्षित करने की भी तैयारी किये हुए है।

# कॉमर्स के छात्रों के लिए एसएनजी विद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**दुर्ग 21 जनवरी।** कैरियर गाईडेंस एवं फाइनेंशियल मैनेजमेंट विषय पर कॉमर्स के छात्रों के लिए एस.एन.जी. विद्यालय ऑडिटोरियम में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में ज़िला प्रशासन दुर्ग और ज़िला शिक्षा अधिकारी द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों द्वारा छात्रों का कैरियर ऑपशन के बारे में भी बताया गया। साथ ही वित्तीय प्रबंधन से संबंधी जानकारी दी गई। छात्र द्वारा अपने कैरियर चुनाव में आने वाले समस्या से संबंधी अनेक प्रश्न पूछे गए, जिसकी जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गई। कैरियर मार्गदर्शन में ऐसी सेवाएँ शामिल होती हैं जो लोगों को अपने कैरियर विकास को सफलतापूर्वक प्रबंधित करने में मदद करती हैं और मानव विकास का पहलू एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके माध्यम से एक व्यक्तिगत कार्य पहचान उभरती है, यह आपकी प्रकृति के अनुसार अपने आप घटित होगी, आप इसके माध्यम से नेविगेट करते समय सहायता प्राप्त करने से लाभान्वित हो सकते हैं। प्रक्रिया जो कभी-कभी काफी भ्रमित करने वाली हो सकती है। व्यवसाय विषय का चुनाव करके बच्चा काफी सारे क्षेत्र में अपने आप को सीए, सीएमए, सीएस की तरह प्राप्त कर सकते हैं। साइंस के बाद कॉमर्स ही छात्रों के बीच पहली पसंद है। देश में हर साल लाखों छात्र कॉमर्स से 12 मिनट की पढ़ाई करते हैं। इसके बाद स्टूडेंट्स के बीच एक सबसे आम सवाल होता है कि अब 12वीं कॉमर्स के बाद क्या करें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग सांसद विजय बघेल ने नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ कैरियर गाईडेंस एवं फाइनेंशियल मैनेजमेंट कार्यक्रम को सम्बोधित किया। जिला प्रशासन द्वारा संचालित यह विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चे जो कि खासकर कामर्स संकाय से आए हुए है वे निश्चत रूप से लाभान्वित होंगे, उन्हें उचित मार्गदर्शन प्राप्त होगा, जिससे उनको भविष्य में अपने करियर के चुनाव में सहुलियत होगी। अभी कामर्स एक नया उभरता हुआ विषय है। कामर्स विषय का चुनाव करके बच्चे काफी सारे क्षेत्र में अपने आप का प्रतिनिधित्व करते हैं। सबके मन में यह प्रश्न रहता है कि हमारा विषय क्या है। इस कार्यक्रम के माध्यम से आपकी दुविधाओं का समाधान हो सकेगा। जैसा कि आप सभी को प्राप्त होगा कि छात्रों के पास कामर्स के बाद ढेरों विकल्प उपलब्ध है। कुछ लोकप्रिय विकल्पों में से एक बीबीए, बीकाम, बीए, सीएस, एलएलबी, सीएमए इत्यादि है। इनकी विस्तारपूर्वक चर्चा आपके समक्ष विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### हेलमेट पहनकर बाइक चलाने वाले को यातायात पुलिस विभाग ने फल एवं चाकलेट दिया



**कवर्धा 21 जनवरी।** नेशनल हाईवे रोड मिनीमाता चौक में बाइक चालकों को हेलमेट के बारे में समझाइए दिया जा रहा है साथ ही हेलमेट पहने हुए चालकों को फल एवं चॉकलेट वितरण किया जा रहा है ।

### स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत साजा नगर पंचायत में धार्मिक स्थलों की सफाई



**साजा 21 जनवरी।** नगर पंचायत साजा में स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत धार्मिक स्थलों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें वार्ड न. 14 में स्थित महामाया मंदिर, वार्ड न. 8 में स्थित राम मंदिर, हनुमान मंदिर शीतला मंदिर व अन्य धार्मिक स्थलों का चयन कर साफ सफाई किया जा रहा है। जिसमें नगर के सम्मानिय जनप्रतिनिधि, मुख्य नगर पालिका अधिकारी व समस्त कर्मचारी एवम अन्य नागरिक गण उपस्थित थे।

### दिल्ली में एनजेसीएस की 294 वीं बैठक संपन्न हुई

**भिलाई 21 जनवरी।** दिल्ली में एनजेसीएस की 294वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक में सेल प्रबंधन से इस्पात कर्मचारियों के तमाम मुद्दों को लेकर एवं आरआईएनएल के कर्मचारियों के मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। बैठक में 39 महीने का एरियर्स, नाइट शिफ्ट एलाउंस, एच आर ए, पेंशन, ग्रेच्युटी, बोनस, डेजिग्नेशन, कर्मचारियो का ट्रांसफर, ठेका श्रमिकों का वेतन समझौता, आरआईएनएल में एमओयू लागू करने को लेकर तमाम मुद्दों को प्रबंधन के सामने शक्ति के साथ रखा गया। सेल प्रबंधन ने गोल-गोल बातें कर पूरा समय निकाल दिया और किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा। अंततः बैठक विफल हो गई। इंटक, एटक, एच.एम.एस व सीटू द्वारा तय किया गया है कि 29-30 जनवरी की हड़ताल पर जाएंगे। भिलाई के तमाम इस्पात कर्मचारी ठेका श्रमिकों से अनुरोध है कि वे 29-30 जनवरी 2024 की हड़ताल को सफल करने के लिए कमर कस ले। बैठक में डायरेक्टर पर्सनल श्री के के सिंह को एनजेसीएस का कन्वेहनर नियुक्त किया गया। सारी चर्चा उन्हीं के साथ हुई। राष्ट्रीय यूनियन इंटक से डॉ संजीव रेड्डी, सीटू से कॉ. तपन सेन, एटक से का. विद्यासागर गिरी, डी आदिनारायण, एच.एम.एस से संजय वाडेकर, बीएमएस से डी के पांडे ने चर्चा में भाग लिया। बैठक में भिलाई से एटक के विनोद कुमार सोनी, कमलजीत सिंह मान, इंटक से वंश बहादुर सिंह, एच.एम.एस से एच एस मिश्रा, बी एम एस से रवि सिंह, चिन्ता केशलू व प्रबंधन की ओर से इडी पी एंड ए पवन कुमार जी उपस्थित थे।

### हाउसिंग बोर्ड कालोनी में मंदिरों की साफ सफाई



**भिलाई 21 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 14 जनवरी से 22 जनवरी तक सभी मंदिरों की साफ सफाई के लिए आवाहन किया गया है इसी कड़ी में आज भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के माननीय जिला अध्यक्ष श्री ब्रजेश बिचपुरिया जी सुबह श्री माँ मकिनम्मा देवी जी के मंदिर हाऊसिंग बोर्ड भिलाई मे पहुंचे और मंदिर प्रांगण से ही झाड़ू लगाकर साफ सफाई अभियान को प्रारंभ किया जिसमें जिला एवं मंडल पदाधिकारी एवं सभी देवतुल्य कार्यकर्ता क्षेत्रवासियों के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने झाड़ू लगाकर श्रमदान किया.श्रमदान करने वालों में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष शिवसागर मिश्रा जी स्वच्छता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विनोद देवांगन जी, मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला जी,अधिवक्ता गण सयोजक संजय सिंह,बृजेन्द्र कुमार गुप्ता,दिनेश मिश्रा,प्रकाश शर्मा, संजय शुक्ला, सुधीर पाण्डेय श्रीमती कामा छम्मा,मीना सुशील ,जिला एवं मंडल के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में देवतुल्य कार्यकर्ता व आमजन ने अपनी सहभागिता दी।

## आयुक्त ने किया वार्डो में सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण

**दुर्ग 20 जनवरी।** नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर आज प्रातः वार्डो में पहुँचकर सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नागरिकों से रूबरू हो सफाई के संबंध में जानकारी लिये।इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,कुणाल,राहुल के अलावा स्वच्छता अमला मौजूद रहें।उन्होंने वार्डो में सफाई व्यवस्था का जायजा लिये, निरीक्षण उपरांत वार्डो में सफाई का अभाव पाये जाने एवं नागरिकों से रूबरू होने पर उनके द्वारा भी ठीक से सफाई करने के निर्देश के साथ कीटनाषक व दुर्गन्धिनाषक दवाई का छिडकाव करने को कहा।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निरीक्षण के दौरान कहा अपने अपने वार्डो के सम्पूर्ण क्षेत्र की नियमित प्रतिदिन सफाई करवाकर, कचरा उठाकर कीटनाषक, दुर्गन्धिनाषक दवाईयों का छिडकाव करवाया जाना सुनिष्चित करें।उन्होंने कहा सफाई कार्य में लापरवाही बरतने व अनुपस्थित रहने पर संबंधित सफाई कर्मी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करें। निगम सफाई अमला युद्ध स्तर पर सफाई करायी जाये।साथ ही नागरिकों सहित व्यवसायियों को से फिट बैक ले।आयुक्त द्वारा आज ग्रीन चौक पर स्थित दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसके तहत सिंगल यूज प्लास्टिक रखने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी गई। खत्री किराना एवं जनरल स्टोर पर 500-500 की अर्थदंड की कार्यवाही की गई।उसके बाद वार्ड क्रमांक 12 पहुँचकर साफ सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने संबंधित इंजीनियर से नाली निर्माण करवाने की बात कही।उन्होंने अधिकारियों से मॉर्निंग विजिट में सफाई व्यवस्था के साथ साथ निर्माण कार्य पर विशेष ध्यान देने को को कहा।उन्होंने कहा अपने अपने प्रभार वार्डो के नालियों की संपूर्ण सफाई होने के बाद समय-समय पर नालियों की स्वच्छता पर नजर रखने व जहाँ कही भी कचरा एकत्र होने की स्थिति बनती है उसकी पुनः सफाई कराए जाने के निर्देश दिये।

## अयोध्या राम मंदिर दर्शन समिति की संभागीय बैठक में दिए गए दिशा निर्देश

# जिला और मंडल की अयोध्या राममंदिर दर्शन समिति करेगी दर्शनार्थियों का पंजीयन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**उतई 21 जनवरी।** अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला और उनके मंदिर दर्शन के लिए भाजपा ने केंद्र सरकार के सहयोग से दर्शन योजना बनाई है, इस योजना के माध्यम से श्रीरामलला के दर्शनार्थ जाने वाले रामभक्तों के पंजीयन, व्यवस्था और उनके आवागमन को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से समिति के प्रदेश संयोजक धरमलाल कौशिक ने दुर्ग संभाग के सभी जिला भाजपा अध्यक्षों सहित 20 विधानसभा सीटों के महत्वपूर्ण नेताओं की बैठक दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में ली। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने दर्शन योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के द्वारा पूरे भारत से अयोध्या राम मंदिर के दर्शन हेतु आस्था ट्रेन चलने का निर्णय लिया गया है। केंद्र सरकार के द्वारा जो दर्शन योजना बनाई है, उसमें भाजपा द्वारा विशेष रूपरेखा तैयार की गई है, जिसके अंतर्गत दर्शनार्थियों का पहला जत्था 7 फरवरी को सवेरे दुर्ग रेलवे स्टेशन से आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से रवाना होगा, जिसे हरी झंडी दिखाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश शासन के अन्य मंत्री और वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। उन्होंने आगे बताया कि जिला और मंडल स्तर पर अयोध्या राममंदिर दर्शन समिति का गठन किया जा चुका है, दर्शन समितियों द्वारा प्रति दर्शनार्थी 1400 रूपये का पंजीयन शुल्क लेकर सूची तैयार की जाएगी, जिला समिति के समक्ष पंजीयन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 24 जनवरी रहेगी, इसके बाद यह सूची रेलवे को प्रेषित कर दी जाएगी और रेलवे द्वारा प्रत्येक यात्री को पृथक पृथक यात्रा कार्ड जारी किया जाएगा। केवल पंजीकृत दर्शनार्थी ही ट्रेन में सवार हो सकेंगे। यात्रा के दौरान खान-पान और अयोध्या पहुंचने के बाद यातायात, ठहरने एवं खाने पीने की व्यवस्था निशुल्क रहेगी। दूसरे चरण की दर्शन यात्रा 29 फरवरी को होगी।

राम मंदिर दर्शन समिति के प्रदेश संयोजक एवं नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने बताया कि ट्रेन में अधिकतम 1440 लोगों का पंजीयन होगा, दुर्ग संभाग के अंतर्गत आठ जिलों की 20 विधानसभाओं से 1440 लोग इस जत्थे में शामिल होंगे, दुर्ग संभाग की प्रत्येक विधानसभा से 72 राम भक्त जाएंगे। ट्रेन का यात्रा प्रभारी अजय तिवारी को बनाया गया। इस ट्रेन में कुल 20 कोच रहेंगे, प्रत्येक कोच के लिए अलग-अलग कोच प्रभारी बनाए गए। कोच प्रभारी की यह जवाबदारी रहेगी कि अपने कोच के सभी यात्रियों को संयोजित करें और उनकी सुविधा का ध्यान रखे साथ ही संपूर्ण यात्रा के बाद उनकी सुरक्षित वापसी हो, इसकी चिंता करें। दुर्ग संभाग से 10 कार्यकर्ता 8 दिन पहले ही अयोध्या जाकर वहां की समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करेंगे।

संभागीय बैठक में स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि बहुत ही गौरव का विषय है कि प्रभु रामलला के दर्शनों के लिए पहला जत्था दुर्ग से रवाना हो रहा है। रामभक्तों को रामलला के दर्शन कराने और उनकी सेवा का अवसर भाजपा कार्यकर्ताओं को मिला है, ये सुखद और सौभाग्य का अवसर है। हर कार्यकर्ता अपनी जवाबदेही के अनुसार तैयार रहे, इसके लिए पूरी तरह से तैयारी को लेकर बैठकों का दौर भी चल रहा है। संभागीय बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने किया एवं आभार जिला महामंत्री एवं विधायक ललित चंद्राकर ने किया। आयोजित बैठक में मंचस्थ नेताओं में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय, कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, लोक सभा सांसद विजय बघेल, संतोष पांडेय, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा, ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, रिकेश सेन, दीपेश साहू, ईश्वर साहू, पूर्व सांसद लखन साहू, जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल, जिला अध्यक्ष बृजेश बिजपुरिया थे। उपस्थित प्रमुख नेताओं में राजनांदगांव, बेमेतरा, कवर्धा, मानपुर-मोहला, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, भिलाई, बालोद के भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### हनुमान एवं श्री कृष्ण की मूर्ति को चोरी कर दूसरे मंदिर में किया गया स्थापित

**अंवरी 21 जनवरी।** ग्राम सुपेला निवासी अनिरुद्ध देवांगन पिता नारायण देवांगन ने बताया की



उनके द्वारा स्थापित किये गए श्री हनुमान जी एवं श्री कृष्ण जी के मूर्ति को चोरी दिनांक 2 मई 2023 को चोरो द्वारा किया गया था। जिसकी शिकायत 15 मई 2023 को भखारा थाना में किया गया था। वर्तमान में विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चोरी हुए हनुमान जी एवं कृष्ण जी के मूर्ति को नवनिर्मित मंदिर परिसर में रखे जाने की जानकारी मिली है। उन्होंने आगे कहा के मेरे द्वारा स्थापित किये गए मूर्तियों को वापस दिलाकर चोरी करने वाले पर उचित कार्यवाही करने की मांग किये है ।

### नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के लिए स्वच्छता दीदी नामित

**राजनांदगांव 21 जनवरी।** भारत सरकार आवासन शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह 2024 हेतु विशेष अतिथियों के रूप में महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों को प्रदेश से आमंत्रित किया गया है। जिसके लिये शासन द्वारा नगर निगम राजनांदगांव से स्वच्छता दीदीयो में रेवाडीह एसएलआरएम सेन्टर से श्रीमती अनिता फ्रांसिस ध.प. श्री आबेल फ्रांसिस एवं 18 एकड एसएलआरएम सेन्टर से श्रीमती वीणा टण्डन ध.प. श्री दिनेश कुमार टंडन को चयनित किया गया है। आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि दोनो स्वच्छता दीदी श्रीमती अनिता फ्रांसिस व श्रीमती वीणा टण्डन क्रमशः रेवाडीह व 18 एकड एसएलआरएम सेन्टर के प्रभारी के रूप में अपने दायित्वों का कुशलता एवं निष्ठापूर्वक निर्वाहन कर रहे है, जिसके आधार पर शासन द्वारा इनका चयन किया गया है। श्रीमती फ्रांसिस एवं श्रीमती टण्डन 26 जनवरी 2024 को नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगी।

### भैसबोड़ में मड़ई मेला का आयोजन 30 जनवरी को

**अंवरी 21 जनवरी।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष ग्राम भैसबोड़ में समस्त ग्रामवाशियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन 30 जनवरी को किया जा रहा है । जिसमें रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए गोपाल बलराम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी निपानी जिला बालोद का कार्यक्रम रखा गया है । यह जानकारी दिलीप साहू सरपंच प्रतिनिधि ने दिया ।

### 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव 21 जनवरी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार दिनांक 22 जनवरी दिन सोमवार को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के श्रीरामलला के उपलक्ष्य में नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने, 5000 रूपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों से कहा कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करे एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

### धर्मेंद्र साहू ने दिवंगत पिता की स्मृति में किया हेलमेट वितरण



**डोंगरगांव 21 जनवरी।** डोंगरगांव मे राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह 2024 के दौरान थाना डोंगरगावं थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के द्वारा वाहन चालको को यातायात नियमों के पालन करने के संबंध मे जानकारी देकर हेलमेट लगाने की सलाह दिया गया है , विगत 02 वर्ष पूर्व डोंगरगांव निवासी धर्मेन्द्र साहू ( लोक सेवा केन्द्र तहसील कार्यालय डोंगरगांव ) जिन्होने अपने पिता स्व0 श्री पंचराम साहू को एक रोड एक्सीडेंट मे खोने से उनके परिवार मे पिता की छाया नही रहने का अनुभव एवं दुख होने से , एक पिता की कमी व महत्व को समझते व समझाते हुये किसी भी अन्य परिवार व पुत्र के सिर से पिता का छाया ना हटे , इस लिये अपने पिता के स्मृति मे हेलमेट वितरण समारोह का कार्यक्रम किया जिसमे बिना हेलमेट के वाहन चालकों को परिवार मे पिता के महत्व व जीवन के रक्षा हेतु 1. प्रीत कुमार मंडावी , ग्राम पदगुढा , 2. पुनीतराम पटेल , खैरीडीही 3 रामकुमार पटेल, मटिया , 5 हृदयराम साहू , ग्राम मटिया डाकवर सोनकर , ग्राम अमलीडीह को हेलमेट के महत्व को बताया एवं वाहन चालाते समय हमेशा उपयोग करने हेतु विनम्र निवेदन कर यातायात के नियमों का पालन करने का बयाया तथा उपरोक्त को ॥श्वरुल्ध्ब्ज्ञ वितरण किया गया है । हेलमेट वितरण मे धर्मेन्द्र साहू के साथियों ने सहयोग किया है । हेलमेट वितरण समारोह सफल रहा है ।

## निधन

### रमेश कुमार सोनी

**रायपुर 21 जनवरी।** स्टेशन रोड निवासी रमेश कुमार सोनी पिता स्वर्गीय गोविंद लाल सोनी



का आज सुबह गौ लोक धाम गमन हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा 1 बजे निवास गुरुद्वारा के पास स्थान स्टेशन रोड से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकली। वे राजुल सोनी(हनी सोनी) के पिता, सुरेश कुमार सोनी, महेश कुमार सोनी,दिनेश कुमार के भाई थे।

# खेल के माध्यम से खुशी, संस्कृति और दोस्ती का संगम: मुख्यमंत्री

**रायपुर, 21 जनवरी।** राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का नागपुर में किया उद्घाटनराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का नागपुर में किया उद्घाटनराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का नागपुर में किया उद्घाटनराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का नागपुर में किया उद्घाटनराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का नागपुर में किया उद्घाटन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि एकल अभियान ने देश के आदिवासी क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया के जरिए ग्रामीण इलाकों में हुनर को आगे लाने का काम किया। शिक्षा के साथ-साथ खेल भी महत्वपूर्ण हैं और खेलों के माध्यम से खुशी, संस्कृति और दोस्ती का संगम होता है। मुख्यमंत्री श्री साय आज नागपुर के राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज विश्वविद्यालय, लॉ कॉलेज स्टेडियम में आयोजित एकल अभियान राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। प्रतियोगिता में देशभर से 1200 से अधिक एथलीटों ने हिस्सा लिया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने



अनुसूचित जनजाति वर्ग के विकास के लिए विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को ध्येय वाक्य मानकर सबके विकास का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना 15 नवम्बर 2023 से देश में संचालित है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विशेष पिछड़ी अनुसूचित जनजाति के लोग हैं, उन्हें राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र भी कहा जाता है, जो विकास की दृष्टि से और भी पीछे हैं इनके लिए अलग से प्रधानमंत्री जनमन अभियान प्रधानमंत्री ने शुरू की है। इसमें सैकड़ों अनुसूचित जनजाति के लोग विशेष पिछड़ी अनुसूचित जनजाति में आते हैं। तीन वर्षों में इनके विकास के लिए योजना तैयार की गई है। प्रधानमंत्री ने यह योजना 23 नवम्बर 2023 से प्रारंभ की। इसमें 11 योजनाओं पर फोकस करते हुए इसकी जिम्मेदारी भारत सरकार के 9 मंत्रालयों को दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि इन वर्गों की जहां भी बसाहट है सबसे पहले उनकी बसाहट आवागमन से जुड़ जाए। सबका आधार कार्ड बने, सभी के घरों में बिजली पहुंचे, जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल के द्वारा पानी पहुंचे, सबके पास गैस का सिलेण्डर उपलब्ध हो, सबका प्रधानमंत्री आवास में मकान बन जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी 11 योजनाओं का परिणाम बहुत अच्छा देखने को मिला है। आने वाले समय में विशेष पिछड़ी अनुसूचित जनजाति के लोगों का बहुत विकास होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के राष्ट्रपति का सर्वोच्च पद पर श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को नियुक्त कर आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया। उनकी सोच के अनुसार छोटा राज्य निर्माण से प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। इससे पहले अतिथियों ने भारत माता की प्रतिमा का पूजन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुभाष चौधरी ने खिलाड़ियों को शपथ दिलाई।

# सामाजिक समरसता की मिसाल बने मुस्लिम भाई

■ रामायण प्रतियोगिता के आयोजन समिति में शामिल होकर सक्रियता निभा रहे हैं मुस्लिम समाज के गणमान्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 21 जनवरी।** ग्राम अछोली - मोतीपुर मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम घूसेरा के मानस परिवार द्वारा आयोजित दो दिवसीय मानस प्रचार - प्रसार प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 21 जनवरी से प्रारंभ होगा। आयोजन समिति में शामिल होकर ग्राम के मुस्लिम भाइयों ने धर्म नगरी की गरिमा अनुरूप आपसी भाईचारा को मजबूती प्रदान करते हुए अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है।

क्षेत्रीय जनपद सदस्य व मानस समिति के संरक्षक रवि अग्रवाल ने कहा है कि ग्राम धूसेरा में आयोजित मानस सम्मेलन के आयोजन समिति में बढ़ - चढ़ कर हिस्सा ले रहे मुस्लिम भाइयों ने सामाजिक समरसता का बहुत ही बढ़िया उदाहरण पेश किया है। इससे धर्म नगरी में निवासरत धर्म प्रेमी भक्तो के मध्य आपसी भाईचारा को मजबूती प्रदान करने में मदद मिलेगी। आयोजन समिति में शामिल होकर सामाजिक कार्यकर्ता ग्राम प्रमुख अ.रउफ खान समिति के कोषाध्यक्ष व कादर खान सचिव की महती जिम्मेदारी निभा रहे है।

दो दिवसीय मानस सम्मेलन आज से प्रारंभ - रविवार 21 जनवरी को सुबह 8 बजे कलश यात्रा ,12ः00 बजे ग्राम घुसेरा में आयोजित दो दिवसीय मानस सम्मेलन का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पा गौकरण वर्मा व विशिष्ट अतिथि बनाए गए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ,राजू राजपूत, फिरंगी राम पटेल,ग्राम पटेल चंदेश्वर पटेल, ग्राम प्रमुख गण अब्दुल रशीद खान , जगन्नाथ मांडवी, राम गुलाल सिन्हा, खोरबहारा साहू ,बिहारी लाल पटेल तथा ग्रामीण जनों की उपस्थिति में किया जाएगा। 22 फरवरी को पूर्व सांसद व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव व गणमान्य जनों की उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार,दिन में 12ः00 बजे रामलाल के नेतृत्व में ग्राम मानस परिवार सॉरी टोला के मानस परिवार अपनी प्रस्तुति देंगे। 2ः15 बजे सरपंच कवल राम निर्मलकर के नेतृत्व में मानस परिवार मुसरा, 4ः15 बजे श्रीमती मनीषा खोबरागड़े के नेतृत्व में राम नाम के हीरा मोती महिला मानस परिवार राजनांदगांव द्वारा प्रस्तुति दी जायेंगी। शाम 6ः00 बजे आरती होगी। 7ः15 बजे बस्तरिया मानस परिवार हैदर कोड़ा छुरिया की प्रस्तुति खिलावन साहू के नेतृत्व में दी जाएगी। मानस परिवार समिति घुसेरा के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिन्हा,उपाध्यक्ष उदय राम सिन्हा, सचिव कादर खान, कोषाध्यक्ष अ.रशीद खान, सदस्य गन पीतांबर सिन्हा, कौशल सेन ,चंद्रशेखर पटेल, कीर्तन मांडवी, रमेश कवर, अनूप साहू, अशोक पटेल, अश्वनी पटेल, मनोज विश्वकर्मा, लीला दास साहू, कल्याण दास साहू, रूपेश सिन्हा, योगेश चंद्रवंशी, नरेंद्र मानिकपुरी, चंद्रेश बंजारे, दिनेश साहू, अमितेश सिन्हा,खिलावन कंवर, बृजेश सिन्हा ,राजेश साहू, एस कुमार साहू, खुमान सिन्हा, हेमंत साहू, रामसुख, केशव चंद्रवंशी, उमेश कवर, सुमेंद्र सिन्हा, राहुल साहू, दुलरू ,अनुज नेताम एवं ग्रामीण जनों ने क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# सामाजिक गतिशीलता में युवाओं की भूमिका अनिवार्य: शैलेंद्र कुमार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंवरी 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में चांदनी,बी ए भाग तीन ने प्रथम, निकिता बी एससी भाग एक ने द्वितीय तथा उर्मिला बी एससी भाग दो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में गिरिवर बीएससी भाग तीन ने प्रथम, राजलक्ष्मी बी ए भाग एक ने द्वितीय तथा दामिनी बी ए भाग दो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रमोद कुमार बी एससी भाग तीन ने प्रथम तथा थलेंद्र कुमार बी एससी भाग तीन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समस्त स्थान प्राप्त छात्र -छात्राओं को महाविद्यालय में 24 जनवरी 2024 को आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के अतिथियों के करकमलों से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार साहू ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि समाज को नई दिशा और नयी गति




प्रदान करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। स्वामी विवेकानंद जी ने जिस तरह भारत के विकास, मान-सम्मान को बनाए रखने और उत्तरोत्तर उन्नति के लिए कार्य किया है उसी तरह युवा वर्ग को अपनी मातृभूमि की आन बान और शान के निरंतर प्रयास करना चाहिए। समाज में व्याप्त कुरीतियों और एचआईवी/एड्स के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने तथा रक्तदान कर पीड़ित और जरुरतमंद को नया जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।कार्यक्रम को महाविद्यालय के प्राध्यापकों एम एस साहू, टी के साहू, हिमानी जोशी, नेहा साहू, उषा साहू, ऐमेश्वरी ढीढी, दिनेश कुमार साहू, सुनील कुमार साहू ने भी संबोधित करते हुए कहा कि वास्तव में आज युवा वर्ग ही है जो सामाजिक राजनैतिक धार्मिक नैतिक शैक्षिक उत्थान कर अपनी संस्कृति और सभ्यता को सुरक्षित बनाए रखने में सक्षम हैं। वे अपनी शक्ति साहस और आत्मविश्वास को समझें और भारत भूमि के लिए कार्य करें। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के समस्त प्राध्यापक, कार्यालय सहायक तोमेश्वर मौर्यवंशी व छात्र -छात्राओं की वंदनीय उपस्थिति रही।

### अवैध शराब बिक्री करते हुए आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**राजनांदगांव 21 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में जिले में चलाये जा रहे अवैध नशीले पदार्थ के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत आज दिनांक 20.01.2024 को ग्राम बागनदी में आरोपी द्वारा अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहा है की सूचना पर हमराह स्टाफ व गवाहों के शराब रेड कार्यवाही किया गया आरोपी मोहन यादव के कब्जे से एक सफेद नीला रंग की थैला में रखे 180पौवा देशी मदिरा प्लेन शराब छत्तीसगढ़ निर्मित प्रत्येक पौवा में 180 एमएल भरी हुई कल 03 लीटर 240 रू प्रत्येक पौवा की कीमत ?80 कुल शराब की कीमत जुमला 1440 रुपए एवम बिक्री रकम 320 रूपये जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में एएसआई महेश राजपूत, आर0 164, 797 का सराहनीय योगदान रहा।

### ग्राम भरेगांव में आपसी रंजिश पर युवक की हत्या

**राजनांदगांव 21 जनवरी।** 18 जनवरी को ग्राम भरेगांव निवासी मृतक हुलेश चंद्राकर पिता राजकपूर चंद्राकर उम्र 18 वर्ष अपने परिवार एवं दोस्तों के साथ मंडई कार्यक्रम देखकर रात्रि 20.30 बजे वापस अपने घर आ रहा था तभी अटल मंच के पास आरोपी वेदप्रकाश रजक अपने 3-4 दोस्त आरोपी अमन राजपूत नवीन रजक देवेंद्र सेन एवं वि.सं.बा. के साथ मिलकर पुराने वाद विवाद की बात को लेकर सभी एकराय होकर धारदार चाकू से हुलेश चंद्राकर के जांघ, गले व पीठ के पीछे वार कर चोट पहुंचाए और वहां से भाग गए, दौरान बीच बचाव करने आए मृतक के पिता राजकपूर चंद्राकर एवं कुंजन साहू तथा पुष्पेंद्र साहू को भी चोट लगा है, वही हुलेश चंद्राकर का मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मृत्यु हो गया! जिस पर धारा 302, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया! मामला गंभीर होने से तत्काल पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग (आईपीएस) के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी निरीक्षक पुरुषोत्तम लाल ध्रुव के नेतृत्व चौकी सुरगी पुलिस के द्वारा 24 घंटे के भीतर आरोपीगण एवं विधि से संघर्षरत बालक का सरगर्मी से पता तलाश कर पकड़ कर घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू जप्त किया।

# हमारे किसान खुशहाल होंगे तो देश खुशहाल होगा: जगदीप धनखड़

**रायपुर, 21 जनवरी।** उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 38वें स्थापना दिवस को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे किसान खुशहाल होंगे तो देश खुशहाल होगा। किसानों के लिए खेती-किसानी आजीविका का साधन ही नहीं अपितु देश की इकॉनामी को गति प्रदान करने, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक विकास का आधार है। अन्नदाताओं का अभिनंदन करते हुए करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकी को अपनाकर, किसानों को सहयोग प्रदान कर, आने वाली पीढ़ियों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने की। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम भी समारोह में उपस्थित थे। उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ ने इस मौके पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई धान की इम्यूनोबूस्टर एवं कैंसर रोधी नवीन किस्म 'संजीवनी' से निर्मित तीन उत्पादों संजीवनी इंस्टैन्ट, संजीवनी मधु कल्क तथा संजीवनी राइस बार का लोकार्पण किया। उन्होंने ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित कृषि दर्शिका 2024 का विमोचन भी किया। इसके पहले उप राष्ट्रपति श्री जगदीप



धनखड़ ने विश्वविद्यालय परिसर में कृषि स्टार्ट अप, बायोटेक और कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम के साथ विश्वविद्यालय परिसर में मौलश्री का पौधा रोपा। कार्यक्रम के प्रारंभ में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गिरीश चंदेल ने अतिथियों का स्वागत किया।

उप राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों का आव्हान करते हुए कहा कि आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसमें किसानों का योगदान अतुलनीय है। कृषि के क्षेत्र में विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों के योगदान से इसमें उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। 2047 तक विकसित भारत का निर्माण केवल सपना नहीं हमारा लक्ष्य है।

■ रायपुर जिला प्रशासन के सहयोग से फुंडहर में संचालित हो रहा है आवासीय कैंपस

# उपराष्ट्रपति की धर्मपत्नी ने किया नव गुरूकुल के रायपुर कैंपस का अवलोकन

**रायपुर 21 जनवरी।** भारत के महामहिम उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ की धर्मपत्नी डॉ. (श्रीमती) सुदेश धनखड़ ने अपने रायपुर प्रवास के दौरान आज रायपुर जिला प्रशासन के सहयोग से फुंडहर में संचालित नवगुरूकुल संस्थान में निःशुल्क सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग प्रोग्रामिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अंचल की छात्राओं से मिलीं। प्रशिक्षणरत छात्राओं से चर्चा करते हुए श्रीमती धनखड़ ने नई सोच के साथ गुणवत्तायुक्त शिक्षा से जुड़ने व आधुनिक प्रशिक्षण प्राप्त कर समाज सेवा हेतु सभी को शुभकामनाएं दी। इस दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की स्टेट डायरेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू भी



साथ थीं।

श्रीमती धनखड़ के नव गुरूकुल संस्थान आगमन पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप ने उनकी अगवानी की ।इन अधिकारियों ने राज्य शासन के सहयोग से रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अंचल की छात्राओं को कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग की निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने संचालित किए जा रहे रायपुर के इस आवासीय संस्थान की गतिविधियों की उन्हें विस्तार से जानकारी दी। श्रीमती धनखड़ ने छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अंचल के जरूरतमंद परिवारों को आधुनिक शिक्षा से जोड़कर बेहतर भविष्य देने के प्रयासों के लिए रायपुर जिला प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ सरकार की सराहना की। उनके आगमन पर उत्साहित छात्राओं ने उन्हें स्व-हस्त निर्मित आभार पत्र भी भेंट स्वरूप प्रदान किया। संस्थान के प्रमुख श्री निकेश ध्रुव व रायपुर कैंपस की मैनेजर पूर्वी सक्सेना ने अवगत कराया कि वर्तमान में रायपुर कैंपस में रायपुर, महासमुंद व धमतरी जिले की 100 छात्राएं 18 महीने का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। रायपुर जिला प्रशासन द्वारा इन सभी छात्राओं के लिए भोजन, आवास व अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

## समाचार संक्षेप

### अवैध शराब बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई

**डोंगरगढ़ 21 जनवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक भरत बरेठ के नेतृत्व में थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र में धार्मिक नगरी डोंगरगढ़ में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के हर्षोउल्लास के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु लगातार आपराधिक तत्वो तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत् आज दिनांक 19.01.24 को मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर (01) घटना स्थल भीमनगर आरोपी के घर के सामने डोंगरगढ़ में आरोपी रवि शेण्डे पिता स्व0 धनीराम शेण्डे उम्र 27 साल निवासी भीमनगर वार्ड नं. 09 कालकापारा डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ0ग0) के कब्जे से 96 पौवा गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब मात्रा 17.280 बल्क लीटर कीमती 11520/-रूपये। (02) घटना स्थल दंतेश्वरीपारा आरोपी के घर के सामने डोंगरगढ़ में आरोपी सचिन जम्बुलकर पिता स्व0 बालाराम जम्बुलकर उम्र 28 साल निवासी वार्ड नं. 02 दंतेश्वरीपारा डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ0ग0) के कब्जे से 70 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 12.600 बल्क लीटर, कीमती 5600/-रूपये, (03) घटना स्थल ग्राम देवकट्टा सतनामी भवन के पास आरोपी चंद्रेश घोघरे पिता नारायण प्रसाद घोघरे उम्र 19 साल निवासी देवकट्टा थाना ब्रम्हानंद थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ0ग0) के कब्जे से 10 बाटल गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब, मात्रा 7.500 बल्क लीटर, कीमती 4000/-रूपये, (04) घटना स्थल खैरागढ़ रोड कक्कड़ पेट्रोलपंप डोंगरगढ़ के सामने आरोपी आकाश कोचे पिता किशोर कोचे उम्र 19 साल निवासी दंतेश्वरीपारा वार्ड ने. 02 डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) के कब्जे से 04 बाटल गोवा अंगेजी व्हीस्की शराब, मात्रा 3.000 बल्क लीटर, कीमती 1600/-रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

### संस्कारधानी में महादीप उत्सव 5 लाख दीपों से शहर जगमगाऐगा

**राजनंदगांव 21 जनवरी।** संस्कारधानी सनातनी धर्म सेवा परिवार के द्वारा 5 लाख मिट्टी के दियो की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। क्योंकि 20 ,21 ,22 तीन दिवसी आयोजन संस्कारधानी में किया जा रहा है। शहर के मनव मंदिर चौक रविवार को भारत माता चौक व 22 को दिग्विजय स्टेडियम में लाखों दीप जला के यह आयोजन किया जा रहा है। समिति के मुख्य संयोजक सुरेश ऐच लाल, राम जी भारती, राकेश ठाकुर, संतोष पटाक, शिव वर्मा एवं पंकज गुप्ता ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्यक्रम की रुपरेखा बताइए। उन्होंने बताया कि आज 500 वर्ष की लंबी प्रतीक्षा के बाद 22 तारीख को पौष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080 तदानुसार अयोध्या में प्रभु राम के बाल स्वरूप प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा और भव्य मंदिर के उद्घाटन का पावन पर्व आया है। इस भव्य आयोजन को संस्कारधानी सनातनी धर्म परिवार द्वारा संपन्न कराया जा रहा है। इस तीन दिवसी होगा जो मुख्य आयोजन स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम के मैदान में होगा यहां ढाई लाख दियो से रोशनी की जाएगी साथ भगवान राम की भव्य आकृति दियो के माध्यम से बनाई जाएगी दियो की सजावट और भगवान राम की आकृति बनाने में राजनांदगांव के युवा संस्कार और राजपूत और उनकी पूरी टीम पिछले दो दिनों से जुटी हुई है। मिट्टी के दियो को मैदान में सजाने के लिए इस काम को प्रमुख रूप से राजनांदगांव शनि देव धाम के परिवार एवं बागेश्वर धाम परिवार एवं ब्राह्मण महिला मंडल सनातनी धर्म सभा अग्रवाल महिला मंडल एवं खंडेलवाल महिला मंडल सहित सर्व समाज के धर्म प्रेमी शामिल है 21 जनवरी की संध्या 6ः30 बजे स्थानीय भारत माता चौक से गंज लाइन मार्ग तक करीबन 1 लाख 51 हजार दिपो की रोशनी की जायेगी। 22 जनवरी को दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह होंगे विशिष्ट अतिथि सांसद संतोष पांडे रहेंगे साथ में विशेष अतिथियों के रूप में राजनांदगांव की समस्त समाज प्रमुख तथा धार्मिक एवं विभिन्न महिला संगठनों के प्रमुख मौजूद रहेंगे। संस्कारधानी सनातनी धर्म सेवा परिवार के मुख्य संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश एच लाल एवं सह संयोजक राम जी भारती पूर्व विधायक के साथ परिवार के सेवा प्रमुख राकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर शहर में तीन दिवसी दीपक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

### स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत शहर के धार्मिक स्थलों में निगम का स्वच्छता अभियान

**राजनांदगांव 21 जनवरी।** केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा स्वच्छ तीर्थ अभियन के तहत निगम



सीमाक्षेत्र के विभिन्न धार्मिक स्थलों व मंदिरों में 14 से 22 जनवरी तक निर्धारित कार्यक्रम अंतर्गत जन सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के देख रेख में स्वास्थ्य कर्मी शहर के धार्मिक स्थलों व मंदिरों के परिसर में सफाई अभियान चलाकर प्रतिदिन साफ सफाई किया जा रहा है। आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा व स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव शहर में साफ सफाई के अलावा निगम सीमाक्षेत्र के धार्मिक स्थलों व मंदिरों के परिसर की 14 जनवरी से सफाई अभियान चलाकर विशेष साफ सफाई किया जा रहा है, उक्त अभियान 22 जनवरी तक चलाया जायेगा। अभियान में जन भागीदारी से मंदिरों के आस पास श्रम दान कर साफ सफाई किया जा रहा है। धार्मिक स्थलों में स्वच्छता अभियान की कडी में सोनार पारा शीतला मंदिर, दुर्गा मंदिर, महा लक्ष्मी मंदिर, संतोषी मंदिर, बाला जी मंदिर, राम दरबार मंदिर, बागेश्वर मंदिर, महावीर चौक दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर,गणेश मंदिर, बी.एन.सी.मिल राम मंदिर,ठा.प्यारेलाल चौक हनुमान मंदिर, शनिमंदिर, मानव मंदिर व गांधी चौक हनुमान मंदिर, मॉ पाताल भैरवी मंदिर, शारदा मंदिर, फिरंतीन मंदिर, बसंतपुर हनुमान मंदिर के अलावा शहर में स्थित अन्य मंदिरों में 14 जनवरी से स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई कर, कटिली झाडिया काटकर, दवा का छिडकाव कर चूना लाईन डाला जा रहा है। धार्मिक स्थलों मंदिरो में 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा।

## एक नजर

### पंचायत सचिव संघ के जिला अध्यक्ष बनी अंजलि चौहान



सुकमा, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार 19 जनवरी को जिला इकाई का गठन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में कुडियम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में कोमल देव निषाद जी उपस्थित थे। सुकमा जिला मुख्यालय के सर्व आदिवासी सामाजिक भवन में जिले के सभी सचिवों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से अंजलि चौहान जी को पंचायत सचिव संघ सुकमा का जिला अध्यक्ष चुना गया और संघ का जिला सचिव के रूप में जुबराज सरकार को मनोनीत किया गया। इस दौरान सभी सचिवों में हर्षोल्लास का माहौल था, जिले में पहली बार किसी महिला सचिव को संघ का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है, साथ ही प्रदेश के पदाधिकारियों ने भी नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाईयां और शुभकामनाएं दिये।

### आरवीजी-202 किस्म की चना बीज परीक्षण में अमानक घोषित

सुकमा, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखंड छिंदगढ़ में भंडारित चना बीज का नमूना लिया जाकर परीक्षण बीज परीक्षण प्रयोगशाला लाभाण्डी रायपुर भेजा गया। जहां प्रक्रिया प्रभारी छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड कोकामुण्डा बस्तर से प्राप्त लॉट नंबर रब्रि- 23-34-08-71-ए-1 से आरवीजी-202 किस्म की चना का नमूना लेकर बीज परीक्षण प्रयोगशाला भेजी गई थी। बीज परीक्षण अधिकारी रायपुर से प्राप्त बीज का नमूना परीक्षण परिणाम के आधार पर अंकुरण प्रतिशत में अमानक स्तर का पाया गया। अनुज्ञप्ति अधिकारी बीज एवं उप संचालक कृषि सुकमा ने उक्त लॉट का चना बीज अंकुरण प्रतिशत में अमानक पाये जाने के फलस्वरूप बीज नियंत्रण आदेश 1983 के प्रावधानों के अनुसार धारा 11 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग कर बीज विक्रय को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया है।

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर 22 को बंद रहेंगे पशुवध गृह व मांस बिक्री की दुकान

सुकमा, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ में पशुवध गृह एवं मांस बिक्री की दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जन आस्था को देखते हुए यह निर्णय लिया है। साय के निर्देश पर नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। कलेक्टर हरिस.एस ने ज़िले के सभी नगरीय निकाय के सीएमओ को निर्देशों का कड़ाई से पालन करने कहा है। इस दिन शुष्क दिवस भी रहेगा। देशी / विदेशी मदिरा दुकान भी बंद रहे रहेंगी।

### पशुवध व मांस बिक्री की दुकानें बंद रखने जिला दंडाधिकारी ने जारी किया आदेश

उत्तर बस्तर/कांकेर, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राज्य शासन द्वारा दिए गये निर्देशानुसार जन आस्था को दृष्टिगत रखते हुए आगामी सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने जिले में पशुवध गृह एवं मांस बिक्री की दुकानें बंद रखने का आदेश जारी किया है।

### श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा का पंचायतों में सीधा प्रसारण एवं दीपोत्सव

उत्तर बस्तर/कांकेर, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भगवान श्रीराम की पवित्र जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी सोमवार को आयोजित होने वाले 'श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव' के अवसर पर ग्राम पंचायतों में सीधा प्रसारण एवं दीपोत्सव आयोजित की जाएगी। जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि 'श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव' को सभी ग्राम पंचायतों में समारोहपूर्वक मनाया जाए। ग्राम पंचायत के प्रमुख स्थानों पर कार्यक्रम के सीधा प्रसारण की व्यवस्था की जाए तथा ग्राम पंचायत के सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों आदि के साफ-सफाई के कार्यक्रम आयोजित किए जाए।

# छात्रावास दिवस पर जिला स्तरीय खेलकूद का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कांकेर, 21 जनवरी। संयुक्त पी.एम.टी. छात्रावास कांकेर के तत्वाधान में शहीद वीर नारायण सिंह के स्मृति में जिला स्तरीय खेलकूद आयोजन का दूसरा दिन कबड्डी का आयोजन। जो कन्या पी.एम.टी. छात्रावास अलबेला पारा कांकेर के हेलीपैड मैदान में हो रहा है। इस अवसर पर सहायक आयुक्त एल.आर.कुर्रे आदिवासी विकास शाखा कांकेर, मंडल संयोजक सुरेश कुमार कुलहरिया, अधीक्षक कमलेश्वर रामटेके नवीन पी.एम.टी.बालक छात्रावास कांकेर, सहायक प्राध्यापक शरद ठाकुर इतिहास विभागाध्यक्ष पी.जी. कॉलेज कांकेर, अधिक्षिका सुरेखा मंडावी कन्या पी.एम.टी. अलबेला पारा कांकेर, अधिवक्ता अधीश्वर नेताम जिला सत्र न्यायालय कांकेर, अतिथि व्याख्याता पुनीत राम उईके पी.जी. कॉलेज कांकेर वरिष्ठ सीनियर संजय नेताम, भावेश कांगे, गुमल कुमार सलाम भूतपूर्व संयुक्त अध्यक्ष, सुरेन्द्र कुमार जुर्री संयुक्त अध्यक्ष, मोनिका नेरटी संयुक्त उपाध्यक्ष, हरीश गोयल संयुक्त महासचिव, शशिबाला उईके संयुक्त सहासचिव, अरुण वट्टी स्थानीय अध्यक्ष नवीन पी.एम.टी. बालक छात्रावास कांकेर, सुशीला मंडावी स्थानीय अध्यक्ष कन्या पी.एम.टी. अलबेलापारा आदि उपस्थित थे।



### मंदिरों एवं तीर्थस्थलों पर चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान

# विधायक ने राजापारा स्थित राम मंदिर परिसर में श्रमदान कर की सफाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उत्तर बस्तर कांकेर, 21 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप 14 जनवरी से 22 जनवरी अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन तक अपने आसपास के सभी मंदिरों एवं तीर्थस्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत आज कांकेर के राजापारा स्थित प्रभु राम मंदिर में विधायक आशाराम नेताम ने साफ-सफाई कर श्रमदान किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ मिलकर हाथों में झाड़ू लेकर राम मंदिर परिसर और आसपास की साफ सफाई की। साथ ही नगरवासियों को स्वच्छता अभियान चलाने की अपील करते हुए ÷छत्तीसगढ़ के भांजा÷ श्रीराम की सच्ची सेवा करने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा- रामोत्सव' के अवसर पर नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, निजी संस्थानों, ट्रस्टों और मंदिर समितियों के साथ समन्वय कर जिला एवं विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही सोमवार 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के दौरान रात्रि में शासकीय भवनों में प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक विकासखंड स्तर पर एक प्रतिष्ठित मंदिर में दीप प्रज्वलन, दीपदान और लाइटिंग व्यवस्था की जाएगी। इस स्वच्छता अभियान में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी संस्था तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक भी अपनी सहभागिता दे रहे हैं।




## 22 जनवरी को जरूर करें ये काम

सुकमा, 21 जनवरी। श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन सभी नागरिक अपने घरों में यह काम अवश्य करें।

1. सभी राम भक्तों से निवेदन, अपने नजदीकी मंदिर में सुबह 11 बजे से 1 बजे तक जरूर उपस्थित होकर उत्सव मनाएं।
2. मंदिर में सुबह के समय सुंदर कांड, अखंड रामायण पाठ, राम स्तुति, राम जय राम जय जय राम का जाप आदि का सामूहिक आयोजन अपने नजदीकी मंदिर में अवश्य करें।
3. प्राण प्रतिष्ठा की पुण्य छड़ में सामूहिक रूप से मंदिर में आरती जरूर करें समय 12:20 मिनट 22 जनवरी।
4. अपने सामर्थ्य के अनुसार प्रेम से सभी को प्रसाद वितरण करते हुए इस अलौकिक उत्सव का बधाई दें एवं आनंद मनाएं।
5. छोटे बच्चों को भी अवश्य उत्सव में सम्मिलित करें।
6. मंदिरों को अच्छे से साफकरें, रंगाई पुताई करें, भगवा झंडे, , तोरण आदि से मंदिरों को एवं अपने घरों को भी अवश्य भगवा झंडा से सुसज्जित करें।
7. अयोध्या से लाइव टेलिकास्ट को अवश्य सुबह 10:30 से दोपहर 1 बजे तक अवश्य प्रोजेक्टर, द्वारा के माध्यम से नजदीकी मंदिर में लोगों को इकठ्ठा कर के बच्चों के साथ प्राण प्रतिष्ठा उत्सव जरूर देखें एवं दिखावें।
8. शंख जरूर बजाए।,
9. भगवा ध्वज अवश्य लगाएं।
10. सायं के समय अपने घरों मंदिरों एवं पवित्र स्थलों को अधिक से अधिक दिया जला कर दीपावली मनाएं।
11. प्रभु राम के आदर्शों को अवश्य पढ़ें समझे एवं अपने आचरण में उतार कर रामराज्य को सार्थक करने का स्वयं का दाइत्व निभाई एवं भारत को परम वैभव की स्थिति के शिखर को प्राप्त करने किए समर्पित रहें।

### यातायात जागरूकता रथ छिन्दगढ़ साप्ताहिक बाजार व स्कूल में

# विद्यार्थियों और नागरिकों को दी गई नियमों की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 21 जनवरी। 17 जनवरी को पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा के दिशानिर्देश एवम उप पुलिस अधीक्षक यातायात के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस सुकमा द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत् यातायात जागरूकता रथ पहुंची छिंदगढ़, छिंदगढ़ में यातायात पुलिस सुकमा एवं थाना छिंदगढ़ स्टॉफ के द्वारा साप्ताहिक बाजार छिंदगढ़ में दुरदराज से आये ग्रामीणों एवं वाहन चालकों को लाउड स्पीकर के माध्यम से यातायात के नियमों की जानकारी दी गई, तथा ग्रामीणों एवं वाहन चालकों को दोपहिया वाहन हेलमेट लगाकर चलाने एवं चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट धारण कर वाहन चलाने आदि यातायात नियमों का पालन करने समझाईश दी गई। साथ ही जागरूकता रथ के माध्यय से छिंदगढ़ में प्रचार प्रसार किया गया। उत्कृष्ट स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मिडियम स्कूल मे विद्यार्थीयों का यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा विषय पर सेमिनार आयोजित कर पाम्प्लेट वितरण किया गया सेमीनार में लगभग 150 विद्यार्थी एवं स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहे। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में थाना प्रभारी छिन्दगढ़ निरीक्षक सेराज खान थाना स्टॉफ एवं उप निरीक्षक परशुराम पैकरा व यातायात स्टॉफ उपस्थित रहे।



# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान बेटियों को किया जा रहा जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा, 21 जनवरी। जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में महिला बाल विकास विभाग द्वारा पुलिस विभाग एवं यूनिसेफ के सहयोग से जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का लक्ष्य लड़कियों के साथ होने वाले भेदभाव को दूर करना और उनके प्रति लोगों की नकारात्मक मानसिकता में बदलाव लाना है इस संबंध में आयोजित कार्यक्रम के तहत समान-समाज सुनिश्चित करने और लड़कियों को आगे बढ़ने के लिए पुरुषों के समान अवसर प्रदान करने के विषय में विचार व्यक्त करते हुए पुलिस विभाग से डी.एस.पी. आशा सेन ने किशोर बालिकाओं को साइबर अपराध, अभिव्यक्ति एप्प, आनलाइन सेफ्टी एवं पुलिस सहायता नंबर 100 के बारे में, जिला रोजगार अधिकारी अमित वर्मा द्वारा, छात्राओं करियर काउंसलिंग के माध्यम से, उच्च शिक्षा के लिए विभिन्न विषयों के विकल्प, जिला श्रम अधिकारी मनीष नेताम ने बालिकाओं नोनी सुरक्षा, बालिकाओं को छात्रवृत्ति योजना, सुकन्या योजना के बारे में, सखी वन स्टॉप की काउंसलर पुष्पा भट्ट द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की संकल्पना एवं बालिकाओं की शिक्षा एवं सुरक्षा के साथ घरेलू हिंसा का बच्चों में पढ़ने वाले प्रभाव की जानकारी, जिला समन्वयक यूनिसेफविनोद साहू ने बाल अधिकार, किशोरावस्था के साथ, बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले लैंगिक अपराध, सेफ टच-अनसेफ टच, ए.एस.आई आशा सिंह एवं चाइल्ड लाइन परियोजना अधिकारी द्वारा बाल अपराध, व बाल संरक्षण के साथ बाल अधिकार चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन सेवा नम्बर 1098 की एवं बाल-विवाह के नुकसान के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पुलिस विभाग से सुनीता यदु, सखी वन स्टॉप से पुष्पा भट्ट, महिला शक्ति केंद्र से रेखा सिंग, डीसीपी से ममता ठाकुर, चाइल्ड लाइन से शिल्पी शिलानाथ, प्राचार्य टंकेश्वर परघनिया सहित अन्य शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### सामान्य बालक छात्रावास को तोड़वाकर नवीन भवन और आहता निर्माण स्वीकृत करने ज्ञापन सौंपा

कांकेर, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ द्वारा कांकेर जिले के नगर कांकेर में सामान्य बालक छात्रावास को तोड़वाकर नवीन भवन निर्माण व आहता निर्माण स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक कांकेर विधानसभा आशा राम नेताम के नाम कांकेर कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौपा गया। जिलाध्यक्ष सुरेश पटेल ने बताया की कि कांकेर जिले के नगर कांकेर में एक शासकीय सामान्य बालक छात्रावास संचालित है। इस छात्रावास को लगभग 35-40 वर्ष हो चुका है। इसी छात्रावास में सभी वर्ग के बच्चे रहकर पढ़ाई करते है। छात्रावास की स्थिति बहुत ही जर्जर हो चुका है। कभी भी अप्रिय घटना होने की संभावना बनी रहेगी। जिससे यहां पर रहने वाले बच्चों को बहुत सारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। भवन की स्थिति को देखते हुए दूर-दराज के ग्रामीण बच्चे किराये के मकान को लेकर रहना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीण गरीब बच्चे किराये के मकान लेकर रहना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीण गरीब बच्चे को आर्थिक बोझ व मानसिक परेशानी उठानी पड़ रही है। सामान्य बालक छात्रावास का सीमांकन करवाकर आहता निर्माण की जानी चाहिए। बाउन्ड्रीवाल न होने के कारण जमीन का अतिक्रमण होते जा रहा है। शासकीय सामान्य बालक छात्रावास में नवीन भवन निर्माण एवं अमीन का सीमांकन करवाकर आहता निर्माण की अति आवश्यक है।



जगदलपुर, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व नगर में झांकी, बाइक रैली व अनेक कार्यक्रमों से शहर राममय हो गया है।

### कोड़ेबोड़ में युवाओं ने की मंदिरों की सफाई



भखारा, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जय लक्ष्मी गणेश उत्सव युवा समिति द्वारा ग्राम कोड़ेबोड़ में श्री रामचंद्र जी के प्राण प्रतिष्ठा पर सभी मंदिर प्रांगणों का साफसफाई एवम रंग रोगन का कार्य किया गया जिसमे समिति के सदस्य गण टोमन,अजय, खेमचंद,भानुशंकर,यमन, टेकेश्वर,शुभम,नेमकुमार, राकेश व नीरज कुमार उपस्थित थे। प्रभु श्री के प्राण प्रतिष्ठा के पावन पर्व पर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है एवं संध्याकालीन दीपक जलाकर दीपोत्सव की तरह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

### 25 जनवरी तक चलेगी स्वच्छता ही सेवा महाअभियान



दंतेवाड़ा, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस-2 के अंतर्गत समुदाय के समक्ष ओडीएफ प्लस के विभिन्न घटकों पर बड़े पैमाने पर जागरूकता लाने हेतु स्वच्छता के विभिन्न आयामों सामुदायिक शौचालय, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, कचरा संग्रहण कार्य, सोख्ता गड्ढा, व्यक्तिगत शौचालय एवं गोबरधन पर बड़े पैमाने पर स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन एवं स्वास्थ्य केन्द्र, हाट-बाजार एवं सामुदायिक स्थलों पर जागरूकता लाने हेतु व्यवहार परिवर्तन करने के लिए और ओडीएफ प्लस को बढ़ावा देने के लिए वांछनीय कार्यों और प्रथाओं ट्रिगर करने की आवश्यकता है। इस क्रम में स्वच्छता के उपरोक्त घटकों में रखरखाव, साफ-सफाई एवं विशेष पहल कर दिनांक 20 जनवरी से 25 जनवरी 2024 तक 05 दिवस में ग्राम पंचायतों में स्वच्छता समूह एवं ग्राम संगठन महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इसके तहत उन ग्राम पंचायतों के स्वच्छता समूह एवं ग्राम संगठनों को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रथम पुरस्कार 50 हजार, द्वितीय पुरस्कार, 30 हजार, तृतीय पुरस्कार 20 हजार रुपये नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जावेगा। उक्त पुरस्कार हेतु जनपद स्तरीय समिति का गठन किया जायेगा। उक्त समिति द्वारा 24 जनवरी 2024 को संबंधित ग्राम पंचायतों में निरीक्षण एवं परीक्षण किया जावेगा। और समिति प्रत्येक जनपद पंचायत से 02 बेहतर प्रदर्शन करने वाले ग्राम पंचायतों का चयन कर नामांकन, प्रस्ताव जिला पंचायत को प्रेषित करेंगें। जनपद पंचायतों से प्राप्त नामांकन, प्रस्ताव का जिला स्तरीय दल द्वारा 25 जनवरी 2024 को सत्यापन किया जावेगा, तत्पश्चात अंतिम चयन की कार्यवाही की जावेगी तथा चयनित ग्राम पंचायतों को दिनांक 26 जनवरी .2024 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड दंतेवाड़ा में पुरस्कृत किया जावेगा।

# जिला, विकासखण्ड व शाला स्तर पर रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 21 जनवरी। अगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर हरिस. एस के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ व स्वीप नोडल अधिकारी डीएन कश्यप के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के आमजनों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में पात्र एवं अपंजीकृत नागरिकों को मतदाता सूची में पंजीकरण हेतु प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से विशेष स्वीप गतिविधि व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिला, विकासखण्ड एवं शाला स्तर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त शालेय छात्र व छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर आमजनों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। जिला स्तरीय जागरूकता रैली कार्यक्रम जिला मुख्यालय सुकमा में आई.एम.एस.टी. स्कूल गादीरास चौक से प्रारंभ कर बस स्टैण्ड होते हुए मेन रोड से पुराना कलेक्ट्रेड भवन फरेस्ट कॉलोनी रोड से मिनी स्टेडियम सुकमा में जागरूकता रैली का समापन किया गया।




विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य दिनांक 06 जनवरी 2024 से प्रारम्भ है, जिसमें छूटे हुए नवीन मतदाता 22 जनवरी 2024 तक अपना नाम जुड़वा सकते है।

बिना भय व निष्पक्ष मतदान करने की ली शपथ - जागरूकता रैली मिनी स्टेडियम सुकमा में एकत्रित होने के पश्चात संयुक्त कलेक्टर डीसी बंजारे ने उपस्थित सभी को बिना भय, लालच एवं निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलाई। साथ ही भावी मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने की अपील की। जिला मुख्यालय सुकमा में जागरूकता रैली के अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवेश पैकरा, एसडीएम सुकमा सुश्री प्रीति दुर्गम सहित महाविद्यालय एवं विद्यालय के शिक्षकगण एवं विभिन्न शासकीय-अशासकीय स्कूलों के छात्र व छात्राएं शामिल हुए।

## एक नजर

### पुलिस और माओवादियों में मुठभेड़ दैनिक उपयोग की सामग्रियां बरामद



**बीजापुर 21 जनवरी।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 19/01/2024 को थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत बलम नेड्रा के जंगलों में मददेढ़ एरिया कमेटी विनोद कर्मा, आवापल्ली राजू पुनेम विश्वनाथ, गुडडू तेलम एवं अन्य 20-25 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी बीजापुर एवं कोबरा 210 की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी । सर्च अभियान के दौरान दिनांक 20/01/2024 के आज सुबह 07.30 बजे बेलम गुटटा के पहाड़ी में पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में मददेड़ एरिया कमेटी के सक्रिय माओवादी जिसमें 02 महिला माओवादी एवं 01 पुरूष माओवादी को मार गिराने मे पुलिस को सफलता मिली, मौके पर सर्चिंग के दौरान 02 नग भरमार, 01 नग पिस्टल, 05 नग जिंदा कारतूस, 15 नग जेलेटिन, 05 नग डेटोनेटर, कोडेक्स वायर 15 मीटर, विस्फोटक पदार्थ, माओवादी साहित्य, माओवादी वर्दी, पीटठू एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया ।

### शहीद गेंद सिंह के शहादत दिवस पर सर्व आदिवासी समाज ने निकाली रैली



**भैरमगढ 21 जनवरी।** परलकोट के आदिवासी विद्रोह 1825 के 20 जनवरी को शहीद गेंद सिंह के शहादत दिवस पर भैरमगढ़ में सर्व आदिवासी समाज ने रैली निकाल कर सीएम विष्णुदेव साय के नाम तहसीलदार मोहन साहू को ज्ञापन सौंपा। रैली से पूर्व भैरमगढ़ के हल्बा समाज के भवन में आम सभा की गई जिसके बाद भैरमगढ़ में रैली निकाल कर ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि हसदेव अरण्य में गैर कानूनी कोयला खनन गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाया जाए। हसदेव के जंगलों को विकास के नाम पर काटा जा रहा है। इससे छत्तीसगढ़ का विनाश ही होगा। हसदेव के जंगल, हसदेव नदी और बांगो बांध का कैचमेट है।असंख्य वन्यजीवों सहित हाथी और बाघ का महत्वपूर्ण रहवास है। आदिवासी सामुदाय की संस्कृति इनसे जुड़ी हुई है। पांचवी अनुसची की ग्राम सभाओं के निर्णय का सम्मान होना चाहिए साथ ही विधानसभा के प्रस्ताव और वन्य जीव संस्थान की रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए हसदेव के सभीकोयला खनन परियोजनाओं को निरस्त किया जाए। बीते 1 जनवरी को बीजापुर जिले के गंगालूर तहसील के मुदवेंडी गांव में सुरक्षा बलों द्वारा 6 महीने की मासूम की गोली मार कर हत्या की गई। इस घटना में मृतक बच्ची के माता के बायें हाथ के दो उंगलियों में चोट आई है। घटना की न्यायिक जांच और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। बीजापुर जिले के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के सभी विभागों में भर्ती प्रक्रिया आउटसोर्सिंग बंद कर स्थानीय बेरोजगार युवक,युवतियों को प्राथमिकता देते हुए स्थानीय भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ किया जाए। आदिवासी क्षेत्र में अन्तर्गत नक्सली घटना के नाम पर फर्जी मुठभेड़ और जेल भेजना बंद हो। रैली में सर्व आदिवासी समाज के जग्गू तेलामी, सीताराम मांझी, सुहागा ताराम, विनीता बघेल, सहदेव नेगी, मनबत कुपाल, लच्छूराम मोडियम, सोनारू बरसा, बुधराम गावडे, जोगाराम, सरस्वती ओयाम, आरएस नेताम, मुन्ना परसा, हीरालाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल थे।

### आईडीए दवा सेवन एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**रायगढ़, 21 जनवरी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.एन.मण्डावी के मार्गदर्शन में आज राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन जिला रायगढ़ अंतर्गत रायगढ़ शहरी क्षेत्रों में 10 फरवरी से आयोजित होने वाली आई.डी.ए. दवा सेवन एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस गतिविधि क्रियान्वयन हेतु शहरी मितानिनों का प्रशिक्षण का आयोजन आरोग्यं सभाकक्ष, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़ में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, रायगढ़ द्वारा फाईलेरिया उन्मूलन गतिविधि के अंतर्गत 10 से 22 फरवरी 2024 तक आईडीए दवा सेवन एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दौरान सभी योग्य व्यक्तियों को अपने समक्ष (डाट पद्धति के अनुरूप) दवा सेवन कराने के बारे में जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण में फाइलेरिया(हाथीपांव) बीमारी होने के कारण, बीमारी की जटिलताएं एवं उससे बचाव हेतु दवा सेवन उम्र के अनुसार, डोज पोल के बारे में बताया गया। उक्त कार्यक्रम में शहरी क्षेत्र के क्षेत्र समन्वयक मितानिन कार्यक्रम, मितानिन प्रशिक्षक एवं समस्त शहरी मितानिन सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 22 जनवरी के साथ 26 व 30 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित, आदेश जारी

**रायगढ़, 21 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ में पशुवध गृह एवं मांस बिक्री की दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है। श्री साय के निर्देश पर नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। इसी प्रकार राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर कलेक्टर रायगढ़ श्री कार्तिकेया गोयल द्वारा इस तिथि को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसके साथ-साथ 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस और 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में भी शुष्क दिवस घोषित किया गया है। सभी शुष्क दिवसों में जिले की मदिरा दुकानों, देशी मदिरा, गोदाम और होटल बारों में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा : केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ उठा रहे जिलावासी

## किसी का बना आयुष्मान व केसीसी कार्ड, किसी को मिली धुएं से मुक्ति तो किसी को मिला पक्का मकान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**रायगढ़, 21 जनवरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा केन्द्र शासन की योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि योजनाओं का लाभ लक्षित हितग्राहियों तक समयबद्ध तरीके से मिल सके। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से एक स्थान पर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और छूटे हुए हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब तक हुए 456 ग्राम पंचायतों में शिविर के दौरान 45 हजार 443 लाभार्थियों ने केन्द्र शासन की योजनाओं से मिले लाभ को विकसित भारत संकल्प यात्रा में मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से अनुभव साझा कर रहे है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा से जरूरतमंदों को मिल रहा फायदा

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सभी जरूरतमंदों को फायदा मिल रहा है। आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क चिकित्सा सेवा हो, उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाला फ्री गैस चूल्हा अथवा अन्य योजनाओं के तहत हर जरूरतमंदों तक लाभ पहुंच रहा है। शिविर के दौरान अधिकारी और कर्मचारी यहां उपलब्ध रहते हैं, जो केंद्र सरकार की सभी योजनाओं से लोगों को जोड़ते हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में ऐसे सभी लाभार्थी जिन्हें केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है वे मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से अपना अनुभव साझा कर रहे है। इसी कड़ी में धरमजयगढ़ विकासखण्ड के श्रीमती लीलावती राठिया ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनने से उनको फायदा मिला। उन्होंने बताया कि पेट में तकलीफ होने पर उन्होंने आयुष्मान कार्ड के माध्यम से ऑपरेशन करवाया, जिसमें एक रूपया भी खर्चा नहीं हुआ। वहीं गांव के एक अन्य महिला जिन्हें उज्वलवा योजना का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि पीएम उज्वलवा योजना से अब धुएं से मुझे मुक्ति मिली है। अब हमें न तो लकड़ी लेने जंगल जाना पड़ता है और न ही गैस चूल्हे में खाना बनाने में किसी प्रकार की तकलीफ हो रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एनआईटी में सेपरेशन एंड प्यूरिफिकेशन टेक्निक्स एनवायरनमेंटल एप्लीकेशंस पर अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का किया गया आयोजन



**रायपुर 21 जनवरी।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग ने 19-20 जनवरी को सेपरेशन एंड प्यूरिफिकेशन = एनवायरनमेंटल एप्लीकेशंस (आईसीएसपीटी) 2024 पर पहले अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आधिकारिक तौर पर आयोजन किया इस सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान की पूर्व निदेशक डॉ एस. के. पांडे की विशिष्ट उपस्थिति रही। इस दौरान संस्थान की प्रभारी निदेशक एवम सह संयोजक डॉ ए बी सोनी, डीन रिसर्च एंड कंसल्टेंसी डॉ प्रभात दीवान और आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर डॉ अनुराग गर्ग सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत के साथ हुई। सम्मेलन के अध्यक्ष और केमिकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ अमित केशव ने विभाग की शानदार यात्रा और उपलब्धियों को सभी के साथ साझा किया। डॉ. दीवान ने कंटेंपरेरी रिसर्च लैंडस्केप में इस कांफ्रेंस की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए इसके विषय के महत्व को रेखांकित किया। इसके अलावा उन्होंने वैज्ञानिक समझ को आगे बढ़ाने में ऐसे कांफ्रेंस की महत्तवपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सेपरेशन एंड प्यूरिफिकेशन तकनीकों की जटिलताओं पर प्रकाश डाला।

प्रोफेसर डॉ. अनुराग गर्ग ने सम्मेलन के दौरान एक भाषण दिया। सेपरेशन एंड प्यूरिफिकेशन से संबंधित समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए डॉ. गर्ग ने अपने अनुभव साझा किए। उनके विचारों ने न केवल आयोजन के अकादमिक में योगदान दिया बल्कि इस क्षेत्र में चुनौतियों के समाधान पर व्यावहारिक दृष्टिकोण भी प्रदान किया। डॉ ए. बी. सोनी ने सम्मेलन में अपने भाषण के दौरान लगातार महीनों में दो कांफ्रेंसो के सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना करते हुए उन्होंने संस्थान की पूर्व निदेशक डॉ पांडे के नेतृत्व में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों को उजागर किया। डॉ सोनी ने डॉ पांडे द्वारा किए गए प्रयासों के कारण हुए परिवर्तनों को स्वीकार करते हुए जीईसी रायपुर से एनआईटी रायपुर तक संस्थान की यात्रा को याद किया। इसके अलावा उन्होंने एनवायरनमेंट सस्टेनिबिलिटी के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए प्रदूषकों को कम करने और एक ग्रीन कैंपस को बढ़ावा देने के लिए चल रही पहल को रेखांकित किया। अपने भाषण में डॉ पांडे ने सेडीमेंटेशन, क्रिस्टलाइजेशन और एवापोरेशन सहित सेपरेशन एंड प्यूरिफिकेशन के यूनिट ऑपरेशन पर विचार प्रदान किए। कंटेंपरेरी एनवायरनमेंट की चिंताओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने स्मॉग के मुद्दे को स्पष्टता से संबोधित किया और इससे होने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला। एक केमिकल इंजीनियर के रूप में अपने समृद्ध अनुभव से प्रेरणा लेते हुए, डॉ पांडे ने वायु और जल प्रदूषण के जहरीले और गैर-विषैले कचरे के प्रभावी निपटान की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया।उन्होंने आर्टिफिशियल किडनी के विकास जैसी अभूतपूर्व प्रगति पर भी चर्चा की और एक स्थायी ईंधन के रूप में हाइड्रोजन के उपयोग की बात की। कांफ्रेंस में देश के विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागियों ने 93 शोध पत्र प्रस्तुत किए, जिनमें से 82 शोध पत्रों का चयन इस कॉन्फ्रेंस के लिए किया गया। कांफ्रेंस में 6 टेक्निकल सेशन आयोजित किए गए। सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र प्रखर जैन, आदित्य नारायण तिवारी, बी. अपर्णा, ध्रुव मुखोपद्याय, दीपांजन रॉय, ऊषा लकरा और सारंगा बैश्य को प्रदान किया गया। समापन समारोह में डॉ. ए. के. पुनिया ने इन कांफ्रेंस को परस्पर विचारों के आदान प्रदान का मंच बताया। डॉ. ए. बी. सोनी ने इस कांफ्रेंस को पर्यावरण से संबंधित वैश्विक समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करने वाला बताया। उन्होंने तकनीकी विकास के साथ आने वाली समस्याओं पर सभी का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया और आने वाली पीढ़ी को कम से कम स्वच्छ हवा और पानी उपलब्ध कराने की अपील की। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ यह कांफ्रेंस समाप्त हुआ। एनआईटी रायपुर के निदेशक प्रोफेसर एन. वी. रमना राव कांफ्रेंस के मुख्य संरक्षक रहे। डॉ अमित केशव , विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग इस कांफ्रेंस के अध्यक्ष और डॉ जे आनंदकुमार, डॉ चंद्रकांत ठाकुर , डॉ एम एस गायकवाड़, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग इस कांफ्रेंस के आयोजन सचिव रहे।

# डीसीसी नैमेड की टीम ने ट्राफी पर किया कब्जा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 21 जनवरी।** दंतेश्वरी क्रिकेट क्लब नैमेड के तत्वाधान में 15 दिवसीय शीतकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दंतेश्वरी क्रिकेट क्लब नैमेड के मैदान में किया गया। जिसमें 40 टीमों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। फायनल मैच सूर्या इलेवन रेंगानार एवं डीसीसी नैमेड के मध्य खेला गया जिसमें सूर्या इलेवन रेंगानार की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। फायनल मैच 12-12 ओवर का खेला गया। जिसमें सूर्या इलेवन रेंगानार की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 100 रन बनाये और नैमेड की टीम को 101 रन का लक्ष्य दिया। सूर्या इलेवन रेंगानार की टीम से सर्वाधिक रन रामकुमार ने 20 गेंद में 28 रन, रितेश 14 रन, सुकनाथ 11 रन एवं सुकनाथ ने 8 रन का योगदान दिया। नैमेड की टीम की ओर से सर्वाधिक विकेट मोहन ओयाम ने 3 ओवर में 18 रन खर्च कर 3 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए नैमेड की टीम ने 10 ओवर में ही मैच जीत लिया और ट्राफी को अपने कब्जे में ले लिया। नैमेड की टीम की ओर मोनू कोरसा ने नाबाद अर्धशतक बनाया एवं महेंद्र 24 रन बनाकर नाबाद रहे। नैमेड की टीम ने फायनल 7 विकेट से मैच जीता। मुख्य अतिथि के हाथो विजेता टीम नैमेड के विजेता खिलाडियों को प्रथम पुरुस्कार 30 हजार रुपये एवं ट्राफी श्री शंकर कुडियम के हाथों दिया गया। उप विजेता टीम सूर्या इलेवन रेंगानार की टीम को 20 हजार एवं ट्राफी का पुरूस्कार ग्राम पंचायत नैमेड की ओर प्रदान किया गया। तृतीय पुरस्कार करकेली टीम को को उप सरपंच लच्छू ओयाम की ओर से 10000 रुपये व ट्राफी एवं चतुर्थ पुरूस्कार ड्रैगन रायडर्स नैमेड की टीम को थाना प्रभारी नैमेड की ओर 5000 रूपये एवं ट्राफी प्रदान किया गया। मैच आफ द मैच एवं मैन आफ द सीरीज मोनू कोरसा को श्री शंकर जुमडे एवं रमेश झाडी ने नगद राशि एवं ट्राफी प्रदान किया गया। बेस्ट गेंदबाज रितेश तेलम को ट्राफी एवं नगद राशि प्रदान किया गया।

### 22, 26 एवं 30 जनवरी को जिला में शुष्क दिवस घोषित

**बीजापुर 21 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत वर्ष 2024-25 के लिए देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत 22 जनवरी 2024 दिन सोमवार को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी तरह 26 जनवरी 2024 दिन शुक्रवार गणतंत्र दिवस तथा 30 जनवरी 2024 दिन मंगलवार को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके अन्तर्गत जिला बीजापुर के समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकान व एफएल -7 सैनिक कैंटीन में मदिरा धारण, विक्रय तथा परिवहन एवं परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

# गर्भस्थ शिशु का लिंग परीक्षण कराना है अपराध, महिलाएं हों जागरूक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 21 जनवरी।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में जिला कार्यक्रम अधिकरी लुपेन्द्र महिनाग के मार्ग दर्शन जिले में बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ अभियान, बाल संरक्षण तंत्र का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, भारत में प्रतिवर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है इसकी शुरूआत महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार ने 2008 में की थी प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सेव द गर्ल चाइल्ड, शिशु बाल लिंगानुपात एवं बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य एवं सुरक्षित वातावरण बनाने सहित समाज में जन जागरूकता बढ़ाये जाने के लिए बालिकाओं के अधिकार एवं संरक्षण के योजनाओं का प्रचार-प्रसार आज नैमेड़ एवं चेरपाल ग्राम पंचायत में महिला सभा का आयोजन कर किया गया है, इस दौरान महिलाओं एवं किशोरियों को गर्भवस्थ शिशु का लिंग परीक्षण नही कराने की जानकारी दिया गया और बताया गया कि गर्भवस्थ शिशु का लिंग परीक्षण कराया जाना कानून अपराध है, साथ ही हमारे आसपास कही भी बाल विवाह नहीं होना चाहिए इसके लिए आप सभी को जागरूकता की आवश्यकता है, बालिका एव किशोरियों के शिक्षा में किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं होना चाहिए इस हेतु बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया जा रहा है और जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है महिलाओं एवं बच्चां को जागरूक होना आवश्यक है। आप सभी को चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 महिला हेल्पलाईन 181 इमरजेंसी सुविधा हेतु 112 के इस्तेमाल की जानकारी होनी चाहिए। साथ ही घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराधों से बालको के संरक्षण अधिनियम, बाल संरक्षण तंत्र, बालश्रम, बाल विवाह सखी वन स्टॉप सेंटर गोद लेने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दिया गया।

## बालिकाओं को जरूरत की सामग्री प्रदान किए गए

# लायंस क्लब खरसिया सिटी ने किया सेवा कार्य

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**खरसिया 21 जनवरी।** समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था लायंस क्लब खरसिया सिटी ने आज खरसिया नगर के हमालपारा स्थित कंकू बाई अनुसूचित जाति बालिका आश्रम पहुंच कर सेवा कार्य संपादित किए। लायंस क्लब खरसिया सिटी ने आश्रम में रहकर पढ़ाई करने वाली बालिकाओं को उनके जरूरत की सामग्री जैसे कि पेन, पेंसिल, कॉपी, बिस्किट सहित बच्चियों के लिए चरण पादुका प्रदान किए। क्लब के इस सेवाकारी कार्य से वहा रहने वाली बच्चियों में उत्साह के साथ साथ अपनेपन का एहसास हुआ। क्लब के सदस्यों को अपने बीच पाकर वहा निवासरत बच्चियों को अपने पालकों के आने का एहसास हुआ और क्लब के इस सेवा कार्य के लिए बच्चियों सहित आश्रम की अधीक्षिका सुश्री तृप्ति गवेल ने क्लब को हृदय से धन्यवाद दिया, जिसके बदले मे क्लब के सदस्यों ने उन आश्रम की बच्चियों को विश्वास दिलाया कि उनको कभी भी किसी भी चीज या सहयोग की आवश्कता हो, क्लब हमेशा उनके साथ है। विदित हो कि इससे पूर्व भी लायंस क्लब खरसिया सिटी किसी ना किसी उत्सव जैसे होली, दिवाली या फिर क्लब के किसी सदस्य का जन्मदिन हो या वैवाहिक वर्षगांठ हो, आश्रम के बच्चियों के साथ अपनी खुशियां बांटते है। लायंस क्लब के इस पुनीत कार्य में क्लब अध्यक्ष लायन सुंदरमल चंदवानी, सचिव लायन डॉ. हितेश गवेल, कोषाध्यक्ष लायन दुर्गेश ठक्कर, डिस्ट्रिक्ट केपीआरओ लायन अनिल बरतूंगा, वरिष्ठ लायन रामनारायण सोनी, लायन शिव अग्रवाल, लायन सत्येंद्र गवेल, लायन अमित अग्रवाल, लायन मदन गर्ग, लायन मुकेश हमालपारा, लायन बंटी अग्रवाल, लायन विनय कबूलपुरिया, लायन आकाश अग्रवाल सहित अन्य लायन साथी उपस्थित रहे। क्लब के इस सेवा कार्य में आश्रम की अधीक्षिका का विशेष योगदान और सहयोग रहा, जिसके लिए क्लब ने उन्हे धन्यवाद ज्ञापित किया।

## समाचार संक्षेप

### राजिम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा



**राजिम 21 जनवरी।** कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजिम प्रवास के दौरान खाद्यान्न भंडारण के लिए बनाए गए नागरिक आपूर्ति निगम के वेयरहाउस का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खाद्यान्न भंडारण के लिए किए गए आवश्यक व्यवस्था एवं बोरियों के स्टेकिंग आदि एवं सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने चावल में फोर्टीफाइड राइस की आवश्यक मात्रा में उपलब्धता के बारे में भी मौके पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजिम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों के उचित इलाज के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अस्पताल में साफ सफाई व्यवस्था अच्छे से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएचसी में मरीजों के बेहतर इलाज के लिए चिकित्सा व्यवस्था, मेडिकल स्टाफ सहित जांच लैब और दवाइयां की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने मरीजों का पंजीयन, आयुष्मान कार्ड से इलाज आदि की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल के सभी कक्षाओं में आवश्यक संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनकी तबीयत के बारे में हाल-चाल जाना।

### महानदी के तट पर जलाए जाएंगे एक लाख दिए



**राजिम 21 जनवरी।** अयोध्या में श्री राम लला राम प्रतिष्ठा की तैयारी पूरी जोर-जोर से की जा रही है 22 जनवरी को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले में भी भक्तिमय माहौल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा इस दौरान जिला मुख्यालय और विकासखंड मुख्यालय में मानस गान कार्यक्रम और भक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज राजिम पहुंचकर 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लिया उन्होंने कार्यक्रम स्थल में पहुंचकर मानस गान कार्यक्रम के लिए किए जा रहे आवश्यक तैयारियों का अवलोकन कर भव्य और भक्तिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राजिम में नागरिकों के समन्वय से महानदी के तट पर एक लाख दिए जलाए जाएंगे कलेक्टर ने नगर पंचायत के अधिकारियों को आयोजक समिति से समन्वय कर इसकी भी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कलेक्टर श्री अग्रवाल ने नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा सोनकर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी तैयारियों के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एसडीएम राजिम धनंजय नेताम सहित जनप्रतिनिधि एवं नागरिक गण मौजूद रहे।

### संकल्प भारत यात्रा शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



**बीजापुर 21 जनवरी।** विकसित भारत संकल्प शिविर यात्रा का आयोजन शनिवार 20 जनवरी 2024 को नगरपंचायत भैरमगढ़ में आयोजित हुआ कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को उनके नए घर की चाबी सौंपते हुऐ समस्त वार्डवासियों को शासन की समस्त योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं अधिकारियों को निर्देश देते हुए अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित करने को कहा। शिविर में लोगो ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया शिविर के माध्यम से विभिन्न योजनाएं प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड, मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, पेंशन योजना, आधार कार्ड अपडेट सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया साथ ही नए पात्र हितग्राहियों का चिन्हाकन कर आवेदन प्राप्त किया गया। शिविर के माध्यम से निःशुल्क बीपी, शुगर, मलेरिया, टीबी सहित विभिन्न प्रकार के जांच, उपचार एवं दवाई वितरण किया गया। शिविर के माध्यम से एलईडी वैन के द्वारा एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संदेश वार्ड वासियों द्वारा तन्मयतापूर्वक सुना गया।

# श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे नगर में जबर्दस्त उत्साह का माहौल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 21 जनवरी। 22 जनवरी को अयोध्या मे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश मे जबर्दस्त उत्साह का माहौल है प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर शहर मे भी जगह जगह प्रभु श्रीराम के गुणगान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है प्रभात फेरी, शोभायात्रा निकालकर राम का संकीर्तन किया जा रहा है 21 जनवरी

### सिंधी समाज ने निकाली बाईक रैली



रविवार सुबह पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के द्वारा रामसहाह चौक से बाईक रैली निकाली गई जिसमे प्रभु श्रीराम के जय घोष व भजन के साथ नगर भ्रमण किया इस दौरान सिंधी समाज के लोग बडी संख्या मे शामिल हुए वही राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह इतना है कि पूरा नगर राममय हो गया है शहर मे केवल राम भक्ति का गुणगान गूंज रहा है सिंधी समाज की बाईक रैली मे महिलाओ ने भी बढचढकर हिस्सा लिया बाईक रैली नगर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करते हुए मातादेवालय स्थित प्रेम प्रकाश मंदिर पहुंची जहां रैली का समापन हुआ।

### राममय हुआ खरोरा



तिल्दा नेवरा, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अयोध्या राम मंदिर रामलला प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा झांकियों के साथ, राम दरबार, शबरी आश्रम, निषाद राज केवट राम संवाद, बाल रूप भगवान राम, भरत भगवान राम चरण पादुका, अहिल्या उद्धारप्रसंग पर बनाई गई झांकी बहुत ही मनोहारी एवं आकर्षक लग रही थी, वही माता द्वारा पीले वस्त्र में सजाई गई कलश यात्रा, देखते ही बन रहा था, राम धुन मंडली के साथ निकली यह शोभायात्रा खरोरा नगर को राममय बना दिया।

## एक नजर

### जिले में 22 जनवरी को बंद रहेंगे पशुवध गृह और मांस बिक्री की दुकानें

बलौदाबाजार, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में 22 जनवरी को पशुवध गृह और मांस बिक्री की दुकानें बंद रहेंगी। कलेक्टर चंदन कुमार ने जन आस्था के दृष्टिगत 22 जनवरी को अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सम्पूर्ण जिले में पशुवध गृह एवं मांस बिक्री की दुकान बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा है कि उक्त आदेश का जिले में कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

### 8 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

बलौदाबाजार, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा जिला में शराब के अवैध बिक्री करने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी केसर पराग के नेतृत्व में दिनांक 20/01/2024 को टीम गठित कर अभियान चलाया गया एवं मुखबीर सूचना पर ग्राम बरदा में रेड कार्रवाई कर आरोपी किशन कोसले पिता मंसाराम खोले उम्र 40 वर्ष ग्राम बरदा के कब्जे से उसके घर पीछे बाड़ी से 05 लीटर वाली दो प्लास्टिक जरकिन में 4-4 लीटर कुल 08 लीटर महुआ शराब कीमती 1600/- बरामद कर आरोपी के विरुद्ध धारा 342 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। अप. क्र. 34/2024 धारा 342 आब. एक्ट- आरोपी- किशन कोसले पिता मंसाराम कोसले उम्र 40 वर्ष ग्राम बरदा थाना लवन उक्त कार्यवाही में प्र.आर. नान्हू राम नवरंगे एवं हमराह स्टाफका विशेष योगदान रहा

### कुरूद में प्राइवेट एसोसिएशन मैनेजमेंट स्कूल का लईका मड़ई 27 को

कुरूद, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्राइवेट एसोसिएशन मैनेजमेंट स्कूल कुरूद एवं मगरलोड द्वारा आगामी 27 जनवरी शनिवार को लईका मड़ई का आयोजन इंडोर स्टेडियम कुरूद में रखा गया है। इस कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी होंगी। अध्यक्षता कुमुदुनी गर्ग न्यायाधीश वर्ग 2 सिविल कोर्ट कुरूद करेंगी,वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कृष्णकांत वाजपेयी होंगे। साथ ही समापन अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर होंगे।अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर कुरूद करेंगे,वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष भानु चंद्राकर और नगर पंचायत सभापति मनीष साहू होंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों द्वारा विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होंगी,वहीं बच्चों द्वारा आकर्षक फूड स्टॉल,स्वादिष्ट खाना खजाना और मनोरंजक खेलों का आयोजन होंगा।

### जिला सहित विखं मुख्यालयों में 22 को होंगे भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम

बलौदाबाजार, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर चंदन कुमार ने सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए. जिसमें उन्होनें केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारीयों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। धार्मिक नगरी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है.पूरे छत्तीसगढ़ सहित बलौदाबाजार भाटापारा ज़िले में भव्य एवं वृहद रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर किए जाएंगे.राज्य शासन द्वारा आयोजन के लिए राशि आवंटित की जा रही है. आयोजन जनमानस तथा मानस मंडलियों, स्थानीय नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, निजी संस्थानों धार्मिक ट्रस्ट और मंदिर समितियों की भागीदारी और इन संस्थानों के साथ समन्वय और सहयोग से भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबध में कलेक्टर ने विशेष चर्चा कर संबधित अधिकारियों को मंदिर का स्थान चिन्हाकित कर तैयारी करने के निर्देश दिए है। जिसमे विकासखण्ड स्तर में भी कम से कम एक प्रतिष्ठित मंदिर में 22 जनवरी को दीप प्रज्जवलनए दीपदान एवं लाईटिंग की व्यवस्था की जाएगी। मंदिर प्रांगण में क्षेत्र की 5 मानस मंडलियों के मानस गायन का कार्यक्रम आयोजित जाएगा। इसके साथ ही बैठक में जो किसान धान बेच चुके है उनका रकबा समर्पण करने एवं धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश खाद्य अधिकारीयों को दिए है। इसके लिए सभी राजस्व अधिकारियों को फील्ड में जाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही ज़िले में कुछ कुछ स्थानों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में कुछ अधिकारियो की अनुउपस्थिति को कलेक्टर ने बड़ी गंभीरता से लिया है।

## श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनाने वन विभाग का विशेष आयोजन

# 22 जनवरी को 10 हजार दीपकों से जगमग होगा तुरतुरिया धाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





बलौदाबाजार, 21 जनवरी। अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनान के उद्देश्य से राम वन गमन परिपथ में शामिल, मान्यता अनरूप लव कुश की एतिहासिक जन्मस्थली तुरतुरिया मे वन विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 22 जनवरी को शाम 5 बजे के बाद सूरज ढलते ही 10 हजार दीपकों से जगमग कराया जाएगा। वन विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा इसकी प्रारंभिक तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में सब की सहभागिता हो इसके लिए आस पास के ग्रामीणों को भी इस कार्यक्रम में जोड़ा जा रहा है। तुरतुरिया को एक व्यवस्थित पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने लिए जिला प्रशासन के सहयोग से वन विभाग द्वारा अनेक विकास के कार्य कराएं गए हैं. जिससे तुरतुरिया की भव्यता में न केवल चार चांद लग गया है बल्कि पर्यटकों की संख्या में काफी इफाजा हुई है। तुरतुरिया आने वाले पर्यटकों को पहले के मुताबिक अधिक सुविधा उपलब्ध हो रही है। तुरतुरिया में अभी भव्य प्रवेश द्वार, आईटीसी भवन पैगोड़ा युक्त गार्डन, शपिंग दुकानें, व्यवस्थित पार्किंग स्थल, इंटरनेशनल स्तर की बाथरूम सहित अन्य निर्माण कार्य कराएं गए है। इन निर्माण कार्यों में विशेष प्रकार के कार्बन युक्त लोहे का रॉड का उपयोग किया गया है. इस लोहे की खास बात यह है कि इनकी आयु अधिक एवं जंग प्रतिरोध होता है। साथ इसकी सुंदरता बढ़ाने के लिए जय राम से उकेरे हुए कट आउट आयरन शिल्ट का भी उपयोग किया गया है। पूरे निर्माण कार्य के दौरान बिजली सहित अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा फिर भी आज समय सीमा में लगभग सभी निर्माण कार्य पूर्ण हो गए है।पार्किंग के संचालन एवं व्यवस्थित साफ सफाई हेतु आसपास गांवों की सक्रिय महिला समितियां को वन विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा तैयार किया जा रहा है। ताकि उनको उनको अतरिक्त आमदनी मिल सके एवं बेतरकीब वाहनों की अव्यवस्थाओं से मुक्ति मिले। छुट्टी के दिनों में लगभग छोटे बड़े मिलाकर 500 से अधिक वाहन तुरतुरिया आ जाते है।

गौरतलब है कि तुरतुरिया एक प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थल है। जो राजधानी रायपुर से 84 किमी एवं बलौदाबाजार जिला से 29 किमी दूर कसडोल तहसील से 12 और सिरपुर से 23 किमी की दूरी पर स्थित है.जिसे तुरतुरिया के नाम से जाना जाता है। उक्त स्थल को सुरसुरी गंगा के नाम से भी जाना जाता है। यह स्थल प्राकृतिक दृश्यों से भरा हुआ एक मनोरम स्थान है जो कि पहाड़ियो से घिरा हुआ है। इसके समीप ही बारनवापारा अभ्यारण भी स्थित है। तुरतुरिया बहरिया नामक गांव के समीप बलभद्री नाले पर स्थित है। जनश्रुति है कि त्रेतायुग में महर्षि वाल्मीकि का आश्रम यही पर था और लवकुश की यही जन्मस्थली थी।

इस स्थल का नाम तुरतुरिया पड़ने का कारण यह है कि बलभद्री नाले का जलप्रवाह चट्टानों के माध्यम से होकर निकलता है तो उसमें से उठने वाले बुलबुलों के कारण तुरतुर की ध्वनि निकलती है। जिसके कारण उसे तुरतुरिया नाम दिया गया है। इसका जलप्रवाह एक लम्बी संकरी सुरंग से होता हुआ आगे जाकर एक जलकुंड में गिरता है जिसका निर्माण प्राचीन ईटों से हुआ है। जिस स्थान पर कुंड में यह जल गिरता है वहां पर एक गाय का मोख बना दिया गया है जिसके कारण जल उसके मुख से गिरता हुआ दृष्टिगोचर होता है। गोमुख के दोनों ओर दो प्राचीन प्रस्तर की प्रतिमाए स्थापित हैं जो कि विष्णु जी की हैं इनमें से एक प्रतिमा खडी हुई स्थिति में है तथा दूसरी प्रतिमा में विष्णुजी को शेषनाग पर बैठे हुए दिखाया गया है। कुंड के समीप ही दो वीरों की प्राचीन पाषाण प्रतिमाए बनी हुई हैं जिनमें क्रमशः एक वीर एक सिंह को तलवार से मारते हुए प्रदर्शित किया गया है तथा दूसरी प्रतिमा में एक अन्य वीर को एक जानवर की गर्दन मरोड़ते हुए दिखाया गया है। इस स्थान पर शिवलिंग काफी संख्या में पाए गए हैं इसके अतिरिक्त प्राचीन पाषाण स्तंभ भी काफी मात्रा में बिखरे पड़े हैं जिनमें कलात्मक खुदाई किया गया है। इसके अतिरिक्त कुछ शिलालेख भी यहां स्थापित हैं। कुछ प्राचीन बुध्द की प्रतिमाएं भी यहां स्थापित हैं। कुछ भग्न मंदिरों के अवशेष भी मिलते हैं। इस स्थल पर बौध्द, वैष्णव तथा शैव धर्म से संबंधित मूर्तियों का पाया जाना भी इस तथ्य को बल देता है कि यहां कभी इन तीनों संप्रदायो की मिलीजुली संस्कृति रही होगी। सा माना जाता है कि यहां बौध्द विहार थे जिनमे बौध्द भिक्षुणियों का निवास था। सिरपुर के समीप होने के कारण इस बात को अधिक बल मिलता है कि यह स्थल कभी बौध्द संस्कृति का केन्द्र रहा होगा। यहां से प्राप्त शिलालेखों की लिपि से सा अनुमान लगाया गया है कि यहां से प्राप्त प्रतिमाओं का समय 8-9 वीं शताब्दी है। आज भी यहां स्त्री पुजारिनों की नियुक्ति होती है जो कि एक प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा है। साथ ही पहाड़ में स्थित मातादेवालय का अलग ही महत्व एवं आस्था का केंद्र हैं। पूष माह में यहां तीन दिवसीय मेला लगता है तथा बड़ी संख्या में श्रध्दालु यहां आते हैं। धार्मिक एवं पुरातात्विक स्थल होने के साथ-साथ अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण भी यह स्थल पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

## समाचार संक्षेप

### अवैध खनिज उत्खनन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई सात दिनों में लगाया 8 लाख रुपए का जुर्माना

बलौदाबाजार, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राज्य शासन के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज परिवहन के मामलों में तेज़ी से कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत मुरूम खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। जिसके तहत 7 दिनों में 15 प्रकरणों पर 8 लाख 81 हजार 756 रूपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया हैं। जिसमें खनिज मुरूम के 03 प्रकरण सीतापार भाटापारा, रिंगनी भाटापारा, जुनवानी पलारी तथा खनिज रेत के 03 प्रकरण दतान ख, बल्दाकछार एवं पैरागुड़ा का प्रकरण शामिल है, जिनके निराकरण से कुल 6 लाख 35 हजार 800 रूपये एवं अवैध परिवहन के कुल 09 प्रकरण जिसमें 07 रेत व 02 चूनापत्थर के प्रकरण शमिल है, जिसके निराकरण से कुल रु.2 लाख 45 हजार 960 रूपये अर्थदंड राशि की वसूली की गई है। रेत भंडारण में अनियमितता पाये जाने पर बल्दाकछार, पैरागुड़ा एवं ठाकुरदिया तहसील कसडोल में स्थित रेत भंडारण की जांच कर छ.ग. खनिज खनन, परिवहन तथा भंडारण, नियम 2009 के तहत् भंडारण नियमों के शर्तोल्लंघन पर कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्यवाही प्रचलन में है। यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत किया गया है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

### चल रही प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारी, निकाली कलश यात्रा



सिमगा, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अयोध्या के साथ-साथ हमारा पूरा देश राम में हो गया है बच्चे नवयुवक और बुजुर्ग सभी हर्षोल्लास के साथ भगवान श्री राम की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार और तैयारी दोनों कर रहे हैं खुशी का इजहार कहीं पूजा पाठ करके भजन कीर्तन करके भंडारा लगाकर और श्री राम जी की जय कारा बोलकर जय श्री राम सिमगा मे भी ऐसा ही माहौल है सरोपी तालाब के पास भगवान श्री रामचंद्र जी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा 22 एक 2024 को होने जा रहा है यहां भी कुछ ऐसा ही कार्यक्रम है सुबह भक्तजन पूजा पाठ के साथ भगवान श्री रामचंद्र जी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा करेंगे जुलूस निकलेगा भंडारा भी खुलेगा दिन भर भजन कीर्तन के साथ भक्तों का डाटा लगा रहेगा इस कार्यक्रम में बच्चे नवयुवक और बुजुर्ग सभी मगन रहेंगे।

### सेंटम स्टोर छुरा के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

छुरा, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सेंटमवर्क स्किल इंडिया कंपनी के अंतर्गत ट्रेड रिटेल के विद्यार्थियों द्वाराछत्तीसगढ़ वस्त्रालय और भारती जनरल स्टोर छुरा का औद्योगिक भ्रमण किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ वस्त्रालय से शॉप ओनर भावेश शारडा द्वारा विद्यार्थियों को रिटेल स्टोर की गतिविधियों से अवगत कराया गया शासकीय कन्याउच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा के विद्यार्थियों द्वारा व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत सेंटम वर्कस्किल इंडिया कंपनी के अंतर्गत ट्रेड रिटेल के विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ वस्त्रालय और भारती जनरल स्टोर छुरा का औद्योगिक भ्रमण किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ वस्त्रालय से शॉप ओनर भावेश शारडा द्वारा विद्यार्थियों को रिटेल स्टोर की गतिविधियों से अवगत कराया गया जिसमें रिटेल स्टोर में ग्राहक से संवाद कैसे करना चाहिए ग्राहक को कैसे आकर्षित करना चाहिए ग्राहक को दी जाने वाले विभिन्न ऑफर और छूट मार्केटिंग और सेलिंग व विभिन्न रिटेलिंग से संबंधित जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में शॉप ओनर भावेश शारडा जी एवं विद्यालय के व्यावसायिक रिटेल प्रशिक्षक लोकेंद्र कुमार साहू एवं प्रशिक्षक नागेंद्र कुमार देवांगन एवं विद्यालय के समस्त व्याख्याता एवं शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।और विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार साहू जो की व्यावसायिक पाठ्यक्रम को विशेष महत्व देते हुए बच्चों एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण का इस प्रकार के कार्यक्रम में विशेष सहयोग एवं विद्यार्थी हित में हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं।

### अवैध कॉलोनी व प्लाटिंग की रजिस्ट्री पर लगाएं तत्काल रोक, स्वास्थ्य शिक्षा और पेयजल पर बेहतर कार्य मेरी प्राथमिकता : टंकह्राम वर्मा

बलौदाबाजार, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार भाटापारा में जिले के विभिन्न विभागों की कामकाज की पहली विस्तृत समीक्षा की हैं। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, विजय केसरवानी, कलेक्टर चंदन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, डीएफओ मयंक अग्रवाल उपस्थित रहे। श्री वर्मा ने बैठक सभी सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर सभी को मकर सक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दीं। लगभग साढ़े 3 घंटे चली इस बैठक में उन्होने जिले में चल रहे अवैध कॉलोनी निर्माण एवं उसके प्लाटिंग की रजिस्ट्री पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश कलेक्टर को दिए है। वर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए राजस्व के लंबित सभी प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। समय सीमा में निराकृत नही करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई संस्थित की जाएगी। उन्होंने कहा की आज व्यक्ति सबसे ज्यादा परेशान राजस्व विभाग से ही है। आमजनों के छोटे छोटे समस्याओं का हल नही होता है। उन्होंने यह छवि सुधारने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए है. इसके लिए उन्होंने कलेक्टर को राजस्व निरीक्षक स्तर में शिविर लगाने कहा है। श्री वर्मा ने कहा जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पेयजल पर हो बेहतर कार्य मेरी पहली प्राथमिकता है। वर्मा ने जिले के स्वास्थ्य व्यवस्थाओं से नाखुश हुए उन्होने जिला हॉस्पिटल को रिफर सेंटर भी कह दिया। सबसे ज्यादा शिकायत जिला हॉस्पिटल की मिलती है। डॉक्टर किसी भी मरीज को स्थानीय प्राइवेट हॉस्पिटल में रिफर कर देते है और बहुत से जिला हॉस्पिटल के डॉक्टर ही निजी हॉस्पिटल उसी मरीज का इलाज करते है।

# लवन में सिलसिलेवार चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



लवन, 21 जनवरी। लवन पुलिस ने सिलसिलेवार चोरी की घटनाओं में शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार पहला मामला जिसमें प्रार्थी हीरालाल अग्रवाल निवासी ग्राम मुंडा जो 30 मई को सुबह 07:00 बजे अपने परिवार सहित काम से बाहर गया था। अगले दिन सुबह 5:30 वापस आया तो देखा कि कोई इसके घर पीछे के दरवाजा तोड़कर घर अंदर से नगदी रकम 02 लाख रुपए एवं सोने चांदी के गहने आदि जुमला कीमती 6, 54, 000 को चोरी कर ले गया था। कि रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र. 66/23 धारा 457, 380, 34 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। मामले में आरोपियों से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया गया एवं पैसे को आपस में बांट लेना एवं खाने-पीने में खर्च कर देना बताया गया। मामले में एक आरोपी से शेष 15000 बरामद किया गया है। दुसरा मामला जिसमें प्रार्थी हरिकिशन वर्मा ग्राम कोलिहा के खेत में लगे सबमर्सिबल पंप एवं केबल वायर कीमती 14, 000 को दिनांक 30 जून के दरमियानी रात कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। कि रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र. 104/2023 धारा 379, 34, 411 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। आरोपियों से पूछताछ करने पर सभी ने सांथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किये एवं चोरी का सामान आरोपी अर्पित वर्मा के पिता जगमोहन वर्मा को बिक्री करना बताएं जो आरोपी जगमोहन वर्मा के कब्जे से पंप एवं वायर को बरामद किया गया।

**आरोपियों के नाम**

- » तीर्थराज वर्मा पिता रामेश्वर वर्मा उम्र 23 साल कोलिहा
- » हिमांशु वर्मा पिता केदारनाथ वर्मा उम्र 23 साल ग्राम मुंडा
- » कृष्ण कुमार उर्फकृष्णा वर्मा पिता सिद्धेश्वर वर्मा उम्र 28 साल ग्राम कोलिहा
- » अर्पित वर्मा पिता जगमोहन वर्मा उम्र 19 साल ग्राम कोलिहा
- » सूरज वर्मा पिता सोनू राम वर्मा उम्र 21 साल ग्राम कोलिहा
- » जगमोहन वर्मा पिता युधिष्ठिर वर्मा उम्र 48 साल कोलिहा

### कबीरदासजी के दोहा एवं रचना आज भी जीवंत : टंकराम वर्मा

बलौदाबाजार, 21 जनवरी। कबीर पंथ समाज बलौदाबाजार भाटापारा इकाई द्वारा आज स्थानीय षष्ठी मंदिर में परिसर में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा का अभिनंदन किया गया. इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष योगेश सुमन वर्मा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल पूर्व पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, नंदकुमार साहू, शिक्षाविद खोड़स राम कश्यप, टेसू लाल धुरंधर, विजय केसरवानी उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने आरती में शामिल होकर संत कबीर साहेब का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा संत फक्कड़ होते थे वे लोग अपने जीवन को राष्ट्र के प्रति समर्पित कर देते थे। ऐसे ही संत कबीर दास जी है.उनके जीवन दर्शन को अपनाते हुए हमे अपना जीवन जीना चाहिए। कबीर के दोहा एवं रचना आज भी जीवंत है आगे भी युगों युगों तक जीवंत रहेगा, आज के परिपेक्ष्य में उनको पढ़ने की नहीं बल्कि आत्मसात करने की ज्यादा जरूरत है। उनके एक एक रचना अनमोल है। इस दौरान वर्मा ने कबीर के दोहे भी पढ़कर सुनाएं उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# खुली आँखों के सबसे सुंदर सपने राम :राजकुमार सिंह ठाकुर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 21 जनवरी। तिल्दा नेवरा वैश्विक पटल पर विश्वगुरु के रूप में पुनर्स्थापना हेतु आध्यात्मिक प्रयत्नों के महत्वपूर्ण योगदान स्वरूप भारत के अयोध्या धाम में विश्वप्रसिद्ध भव्य श्रीराम मंदिर के नवनिर्माण से परिलक्षित होती अभूतपूर्व आस्था, श्रद्धा, विश्वास किसी भी सांस्कृतिक विरासत के संयोजन व संवर्धन की दिशा में जन-जन में क्रांतिकारी स्वस्फूर्त उत्साह का चर्मोत्कर्ष न केवल हिंदुस्तान बल्कि विश्व पटल पर भी अंकित सर्वोत्तम उदाहरण होगा। वर्तमान परिपेक्ष्य में निर्मित अभूतपूर्व श्रीराम रंग से सराबोर राममय वातावरण दुनिया के इतिहास में राष्ट्रों की स्वतंत्रता आंदोलनों को छोड़ दें तो ऐसी किसी भी विभूति का उल्लेख नहीं जिसके लिए 500 से भी अधिक वर्षों तक तपस्वियों, साधकों, मनीषियों की निरंतर त्याग, संघर्ष, बलिदान की गौरवशाली स्वर्णिम गाथा लब्ध होगी, जिस राम लला के आगमन का साक्षात्कार करने के लिए पूरा राष्ट्र लालायित है, आतुर है क्या वो श्रीराम केवल मानव मात्र की सीमाओं में बाँधा जा सकता है

राम किसी राजा दशरथ या महारानी कौशिल्या के पुत्र का नाम नहीं अपितु आदर्श सनातन जीवन पद्धति का प्रतीक है, जगत में एक ऐसा नाम जिसे एक बार कहें राम तो- संबोधन, दो बार कहें तो- अभिवादन, किसी अप्रत्याशित घटना पर सहृदय सहानुभूति प्रगट करने के लिए प्रयुक्त तीन बार राम नाम- राम राम राम संवेदना अभिव्यक्ति, बार -बार राम नाम का जप, साधना बन जाती है, निरंतर साधना, सिद्दी की ओर ले जाती है, और आध्यात्मिक दृष्टि से स्वमेव सर्वकामना सिद्धि ही मोक्ष की



अवधारणा को पुष्ट करती है, तभी तो किसी ने सिद्दत से लिखी है ÷मानवता की खुली आँख के सबसे सुंदर सपने राम÷। राम एक दिन में नहीं बने मर्यादा पुरुषोत्तम, राम से मर्यादापुरुषोत्तम तक का कंटकों व चुनौतियों भरी यात्रा कर्तव्य पालन की पराकाष्ठा थी, जिसके मूल में ये संदेश है कि जब व्यक्ति पारिवारिक, आर्थिक, राजनैतिक स्वार्थ तज कर हर मनुष्य में ईश्वर के स्वरूप का अनुभव करने लगे, तब वह स्वयं मानवता व आदर्श का स्वरूप माना जाने लगता है, त्याग, समर्पण की बड़ी गाथा, सामर्थ्यवान होने के बावजूद विनम्रता, शालीनता, गंभीरता धारण कर मानवता का संदेश, आदर्श नेतृत्व क्षमता विकसित करने का संदेश व मानव जीवन को सरल, सहज, संवेदनशील, सामाजिक भावनाओं को आत्मसात कर एक सभ्य, सुसंस्कृत समृद्ध समाज के निर्माण के उद्देश्यों को लेकर गोस्वामी तुलसीदास द्वारा लिखित श्रीरामचरितमानस के महानायक श्रीराम के जीवन शैली का अध्ययन कर समझने का प्रयास करें तो पुत्र, पत्नि, भाई, माता, पिता के बीच संबंधों के आदर्श का नाम है श्रीराम, केंवट, सुग्रीव, विभीषण जैसे उपेक्षितों से मित्रता कर उनके कष्टों को दूर कर गले लगाने का नाम है श्रीराम, यदि रावण जैसे महाशक्तियों को साधना हो तो वनवासियों, दलितों, वंचितों, आदिवासियों को सहभागी बनाकर, सम्मान देकर सौर्य, धैर्य रुपी रथ के पहिये, सत्य, शील के अश्व, बल और विवेक के ध्वज क्षमा, दया, कृपा रूपी अस्त्रों से विजय प्राप्ति के लक्ष्य का नाम है श्रीराम।

हमारे धर्मशास्त्रों में मनुष्य के जीवन शैली में विकास की अवधारणा आदिकाल से लेकर आज पर्यंत विज्ञान व पश्चिम की अवधारणा को पुष्ट भी करता है और स्वमेव प्रमाणित भी है, जल में रहने वाले कच्छप से लेकर वाराह, वामन, नरसिंह, परसुराम फिर राम जैसे अवतार यह सिद्ध करता है कि विवेकहीन जीवों से लेकर सामाजिक, आध्यात्मिक, वैज्ञानिक दृष्टि से समृद्ध महामानव बनने के सफर में कितनी व्यवहारिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा होगा। शान्ति रूपी सीता की कामना हो तो देह होते हुए भी विदेहराज बनना होगा, तुलसी की रामचरित मानस से हमने ये सीखा कि विजय के लिए साधन नहीं बल्कि त्याग, तपस्या, इंद्रियों पर नियंत्रण जैसी साधना की आवश्यकता है।

## एक नजर

### युवक से 16 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर, 21 जनवरी।** छेरीखेड़ी बैंक ऑफबड़ौदा में साउथबेस इंटरनेशन रियलटी कंपनी में काम करने का झांसा देकर 16 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेश साहू 29 वर्ष छेरीखेड़ी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी टेलीग्राम ग्रुप में साउथबेस इंटरनेशन रियलटी कंपनी के एडमिन चित्रा व अन्य ने प्रार्थी को कंपनी में निवेश करने पर अच्छा कमिशन देने का झांसा देकर यूपीआई एवं आरटीजीस के माध्यम से प्रार्थी से 16 लाख 2 हजार 700 रुपए ऐंठ लिया।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर, 21 जनवरी।** भाठागांव स्थित बिन्नी बाई सोनकर स्कूल के पास दो युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेन्द्र प्रजापति 35 वर्ष आनंद विहार भाठागांव का रहने वाला है। बताया जाता हहै कि प्रार्थी बिन्नी बाई सोनकर स्कूल के तरफगया था, तभी आरोपी परिहार अपने दोस्त के साथ आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

### शराब तस्करी करते युवक पकड़ाया

**रायपुर, 21 जनवरी।** खरोरा पुलिस ने छडिय़ा रोड ईट भट्ठा के पास बाइक से अवैध शराब ले जाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से बाइक और 33 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छडिय़ा रोड ईट भट्ठा के पास बाइक से अवैध शराब ले जाते आरोपी आगेश्वर बांधे 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 35 पाव देशी शराब व बाइक जब्त किया है।

### चाकू लहराते युवक पकड़ाया

**रायपुर, 21 जनवरी।** डीडीनगर पुलिस ने चंगोराभाठा यादवपारा में चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चंगोराभाठा यादवपारा में दबिश देकर चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए आरोपी जागेश्वर साहहू 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### प्रतिबंधित टेबलेट एवं सीरप के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 21 जनवरी।** डीडीनगर पुलिस ने इंद्रप्रस्थ कालोनी फेस-2 में दबिश देकर प्रतिबंधित नशीली दवाई एवं सीरप के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 400 नग नाइट्रोजन टेबलेट और 111 नग कफ सीरप जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि इंद्रप्रस्थ कालोनी फेस-2 में एक युवक प्रतिबंधित टेबलेट व कफसीरप खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी सज्जाद हुसैन 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 400 नग नाइट्रोजन टेबलेट और 111 नग कफसीरप जब्त किया है।

### टायर किलर को पैर से दबाकर रांग साइड चलने पर 45 लोगों का काटा चालान

**रायपुर, 21 जनवरी।** राजधानी रायपुर में गलत साइड गाड़ी चलाने वालों को रोकने के लिए भले ही नगर निगम ने टायर किलर ब्रेकर लगाया हो, लेकिन चालकों ने इसका जुगाड़ भी निकाल लिया है। लगातार टायर किलर ब्रेकर को पैर से दबाकर गलत साइड से निकलने की मिल रही शिकायत और फोटो, वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने पर यातायात पुलिस ने ऐसे चालकों पर सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। पिछले दो-तीन दिनों के भीतर 45 वाहन चालकों की पहचान कर पुलिस ने दो-दो हजार रुपये का चालान काटा है। डीएसपी गुरजीत सिंह ने बताया कि शहर में तेज रफ्तार और गलत साइड से चलने वाले वाहन चालकों पर अंकुश लगाने के लिए तीन स्थानों पर टायर किलर ब्रेकर लगाया गया है। गलत साइड से टायर किलर ब्रेकर पार करने के चक्कर में अब तक 50 से अधिक दोपहिया और चार पहिया वाहनों के टायर फटे है।

# नदियां प्यासी रहीं रात भर और बादल बरसता रहा

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार ने पहली बार 2हजार करोड़ का कर्ज लिया है।एक-एक हजार का कर्ज 8 और 9वर्ष के लिये 7.68%, 7.67% व्याज पर लिया है। यहां यह बताना भी जरुरी है भूपेश सरकार ने नई सरकार के लिये करीब 91हजारकरोड़ का कर्ज विरासत में छोड़ा है 50 हजार करोड़ का कर्ज तो 2018 से 2023 के बीच कांग्रेस सरकार ने ही लिया था। वित्त विभाग के सूत्रों की मानें तो छ्ग के वित्तीय हालात को संभालने कई फैसले लिये जा सकते हैं। कांग्रेस सरकार की चंद योजनाओं को बंद करना होगा, बिजली बिल हाफ की योजना बंद की गई तो एक हजार करोड़ रुपये सेज्यादा की बचत हर साल होगी।बघेल सरकार की फ्लैग शिप गोधन न्याय योजना के तहत गोबर, गोमूत्रखरीदी को बंद किया गया तो हर साल करीब 500 करोड़ रुपये बचेगा।शराब दुकान भी इस रिफार्म्स का अहम केंद्र हो सकती है।50त्न शराब माफियाओं की बिकती है।इसी लीकेज को ठीक किया गयातो सालाना 5500 करोड़ रुपये की व्यवस्था सरकार कर लेगी। रेत, मुरूम जैसे गौणखनिज भी राजस्व बढ़ाने का बड़ा जरिया है।जानकार बताते हैं कि 90 फीसदी मुरुम खदान या रेत घाटों का टेंडर ही नहीं हुआ है।यानि ये सब बिना रॉयल्टी सिर्फ राजनीतिक संरक्षण में चल रहे हैं।सभी घाटों का टेंडर हुआ



तो इसकी रॉयल्टी खजाने तक पहुंचने लगेगी और एक बड़ी रकम खजाने तक पहुंच जाएगी।इनके अलावा, डीएमएफ फंड का लीकेज भी अपने आप में रिफॉर्म्स का बड़ा स्रोत है।कोललेवी से परिवहन जैसे सेक्टर भी हैं, जहां जारी लीकेज को रोक लिया गया तो भी भारी राजस्व अर्जित किया जा सकता है।चूंकि मौजूदा वित्त मंत्री ओपी चौधरी पूर्व आईएएस हैं, उन्हें प्रशासनिक खामी, व्यवस्थाओं की गहरी समझ है।इस नाते अगर वो चाहें तो वित्तीय व्यवस्था ठीक भी कर सकते हैं।

### वीरा मप्र की दूसरी सीएस तो रेणु छ्ग की दूसरी महिला एसीएस...

अविभाजित मप्र में महिला आईएएस निर्मला बुच के नाम पहली मुख्य सचिव बनने का रिकार्ड बना था पर वीरा राणा भीअब मप्र की दूसरी सीएस बनने का रिकार्ड बना चुकी हैं।11 अक्टूबर 1935 को जन्मी निर्मला1960 बैच की आई एएस थीं और 31 अक्टूबर 93 को उन्होंने मप्र से बतौर मुख्य सचिव के रूपमें सेवा निवृत्ति ली। वीरा राणा का जन्म 26 मार्च 1964 को उप्र में हुआ था।श्रीमती वीरा राणा बीए, एममबीए हैं। अविभाजित मप्र में रायपुर में एडीशनल कलेक्टर और उनके पति संजय राणा बतौर एसपी कार्य कर चुके हैं।2000 में मप्र से अलग होकर छग राज्य का गठन हुआ था।छग कॉडर की डॉ. इंदिरा मिश्रा 69






बैच आईए एस के रूप में छग में कार्य भार सम्हाला था।7 सितंबर 45 को जन्मी डॉ. इंदिरा मिश्र 30 सितंबर2005 को छगमेंअतिरिक्त मुख्यसचिव के रूप में सेवानिवृत्त हुई थी।महिला आईएएस के छग में एसीएस बनने का उनका रिकार्ड कायम था।ज्ञात रहे कि उनके पति सुयोग्यकुमार मिश्र छग के मुख्य सचिव भी बने थे। 31अक्टूबर 2004को रिटायर हुए थे।15 फरवरी 68 को जन्मी 91बैच की आईएएस रेणुपिल्ले को अतिरिक्त मुख्य सचिव बनाया गया है, एसीएस बनकर उन्होंने छग की दूसरी महिला अफसर होने का रिकार्ड बनाया है।ज्ञात रहे कि अभी रेणु पिल्ले को फरवरी 2028 तक कार्य करना है। वैसे यह बताना जरूरी है कि रेणु पिल्ले के पिता आर के.गोनेला भी आँध्र काडर के 63 बैच के आईएएस थे यानि रेणु दूसरी पीढ़ी



मेंआईएएस बनी है।वैसे देश की 90 आईएएस अफसरों में 31 में से एक हैं जो एडीशनल सेक्रेटरी एम्पेनल हुई हैं।94 में रेणु का विवाह आईपी एस संजय पिल्ले के साथ हुआ था।1988 बैच के आईपीएस संजय पिल्ले अभी छ्ग में डीजी जेल के पद पर संविदा पर कार्यरत हैं।हाल ही में रेणु-संजय का बेटा भी आईएएस बन गया है।वैसे एसीएस बने सुब्रत भी दूसरी पीढ़ी के आईए एस हैं।इनके पिता सहदेव साहू ओड़िसा कॉडर के 1964 बैच के आईएएस थे।ज्ञात रहे कि सुब्रत साहू 5 जुलाई 68 को जन्मे हैं। 1992 बैच के आईएएस हैं, जुलाई 28 में सेवानिवृत्त होंगे।

### अमित: प्रशिक्षु आईपीएस से छग के खुफिया प्रमुख तक...

छत्तीसगढ़ सरकार ने 1998 बैच के सीनियर आईपीएसअमित कुमार को खुफ़िया चीफ बनाया है। 12 सालोंतक सीबीआई के अहम पदों पर अपनी सेवा देने के बाद दिसंबर23 में हीअमित की छत्तीसगढ़ वापसी हुई थी।वापसी के बाद से ही उन्हे खुफिया चीफ बनाये जाने की चर्चा थी।अंततः बुधवार की देर रात आदेश जारी कर दिया गया।गौरतलब हैआईपीएस अमित को साल 2011 में डेपुटेशन पर सीबीआई में पोस्टिंग हुई थी, 4 साल को डेपुटेशन पर दिल्ली गये सीबीआई में करीब12 सालों तकडीआईजी, संयुक्त निदेश6पॉलिसी8 कीअहम जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।कुछ महीने पहले ही अमित को एंटी करप्शन विंग की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी थी।साल 2023 के विधानसभा चुनाव में सरकार के गठन के बाद ही अमित की सेंट्रल डेपुटेशन से छत्तीसगढ़ वापसी हुई।जिसके बाद



से ही साय सरकार में अमित कुमार को बड़ी जिम्मेदारी दिये जाने की अटकले तेज हो गयी थी।अमित, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, जांजगीर, बीजापुर जैसे जिले के पुलिस कप्तान भी रह चुके हैं।वहीं प्रशिक्षु के रूप में कोतवाली रायपुर में भी सेवा दे चुके हैं।अमित ने आईआईटी दिल्ली से 93 -97में इंजीनियरिंग की डिग्री के बाद यूपीएससी की तैयारी कर सफलता हासिल की। आईपीएस बनने के बाद मप्र/छ्ग काडर अलॉट हुआ। पुलिस सेवा में आने के बाद भी 2013-14 में एंटी करप्शन विषय में अपनी मास्टर्स डिग्री की पढ़ाई भी पूरी की।

### और अब बस...

- » शिवरीनारायण, दूधधारी और जैतूसाव मठों के महंत रामसुंदर दास को अयोध्या राम मंदिर का निमंत्रण नहीं मिलने का कारण कॉग्रेसी होना ही तो नहीं..?
- » आईपीएस की तबादला सूची क्या 26 जनवरी के बाद जारी होगी?

## विधानसभा प्रबोधन सत्र

# पूर्व विस अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय ने बजट तो अजय चंद्राकर ने प्रश्नकाल को लेकर दिए टिप्स

**रायपुर, 21 जनवरी।** विधानसभा में प्रबोधन सत्र के दूसरे दिन रविवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय और विधायक अजय चंद्राकर ने विधायकों को टिप्स दिए. पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय ने जहां विधायकों को बजट के संबंध में जानकारी दी, वहीं विधायक अजय चंद्राकर ने प्रश्नकाल के संबंध में जानकारी दी. इसे भी पढ़ें : राम मय हुआ भगवान राम का ननिहालः आज छत्तीसगढ़ में बनेंगे 3 विश्व रिकॉर्ड, कल नवा रायपुर के चौक-चौराहों पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का होगा लाइव प्रसारण



पूर्व मंत्री और विधायक अजय चंद्राकर ने प्रबोधन सत्र को लेकर मीडिया से चर्चा में कहा कि 50 नए विधायक चुनकर आए हैं. अच्छे और गंभीर लोग चुनकर आए हैं. विधायकों ने बड़ी संख्या में काफी अच्छे प्रश्न किए. विधानसभा का स्तर, बहस का स्तर अच्छा होगा. जन समस्याओं का निराकरण भी अच्छा होगा. प्रबोधन सत्र ऐसा है कि रोज अच्छा सुनने और सीखने को मिलता है. मैं भी प्रतिदिन विद्यार्थी भाव से विधानसभा में प्रवेश करता हूं.

वहीं विधानसभा प्रबोधन के दूसरे दिन का दूसरा सत्र में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय ने बजट को लेकर विधायकों को टिप्स दिए. उन्होंने कहा कि बजट का अर्थ पहले धन प्राप्ति होता था, लेकिन अब आर्थिक स्थिति को देखकर बजट का निर्धारण करते हैं. केंद्र और प्रदेश सरकार का एक ही मापदंड पर बजट बनाता है. आय और व्यय को ध्यान में रखकर बजट बनाया जाता है.

# बृजमोहन को बताई गई स्काउट-गाइड की प्रगति

**रायपुर, 21 जनवरी।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के उपनियम की धारा -17 के अन्तर्गत, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य परिषद के राज्य अध्यक्ष के पद पर बृजमोहन अग्रवाल, स्कूल शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के मनोनीत होने पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ-रायपुर के जिला अध्यक्ष जी.स्वामी, तथा जिला मुख्य आयुक्त डॉ.सुरेश शुक्ला के नेतृत्व में बुके व पुष्पमाला से बृजमोहन अग्रवाल जी का आत्मीय स्वागत करते हुए सौजन्य मुलाकात की गई। जिला सचिव मृत्युंजय शुक्ला ने आगामी स्काउटिंग गतिविधियों की योजना बताई तथा जिला संगठन आयुक्त-स्काउट बालक दास राउत ने स्काउट-गाइड की प्रगति से अवगत कराया।




सौजन्य मुलाकात में रायपुर जिले के बालाजी विद्या मंदिर देवेन्द्र नगर, एवं आडवाणी ऑलिकान शा.उ.मा.वि. बिरगांव व अरूंधति सेजेस स्कूल आरंग के स्काउट-गाइड, तथा जिले के स्काउटर-गाइडर उत्साहपूर्वक शामिल हुए, जिसमें जिला उपाध्यक्ष एल.डी.दुबे, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्का.) गोपाल राम वर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड़ सुश्री शाहिना परवीन, जिला संयुक्त सचिव लीना वर्मा, विकास खंड सचिव आरंग रोहित कुमार वर्मा, एएलटी-स्काउट हेमधर साहू, गाइडर प्री-एएलटी सपना बडोनीया, युवराज मिश्रा, नमन साहू, मनीषा वाईकर, निशा सिंह, अर्पणा तिवारी, सुश्री कुमुद देवांगन, आशा जाधव, सुषमा राठौर ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# शिविर में निःशुल्क दंत परीक्षण




**रायपुर, 21 जनवरी।** अष्टविनायक डेंटल केयर द्वारा मोवा में मुफ्त दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कई लोगों की दांतों की जांच कर जरूरतमंदों को मुफ्त दवा, टूथ पेस्ट, इत्यादि वितरण किया गया। दांत की जांच के साथ बल्ड प्रेशर, ब्लड शुगर की जांच वजन जांच इत्यादि सेवा दी गई। चिकित्सकों ने जानकारी देते हुए बताया कि मनुष्य के जीवन में दांत का एक अलग मतवपूर्ण स्थान है स्वास्थ्य के लिए सबसे जरूरी अंगों में से एक है। दांत व मुह से संबंधित बीमारियों के होने का कारण तथा उसके उपचार व उचित देखभाल के बारे में विस्तार से बताया गया। शिविर में दंत विशेषज्ञ डॉ.आनंद वर्मा, डॉ.एम एस नवाज डॉ.पूजा नामदेव, डॉ सुनीता.गुप्ता के आलावा अनीता साहू, नौशाद आलम, मो.हनीफआदि प्रमुख थे।

# सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा का अधिकार : ज्ञानेश शर्मा

## विप्र पब्लिक स्कूल का 7 वां वार्षिक स्नेह सम्मेलन

**रायपुर, 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र पब्लिक स्कूल का 7वां वार्षिक स्नेह सम्मेलन ज्ञानेश शर्मा अध्यक्ष विप्र शिक्षण समिति के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर विप्र शिक्षण समिति के सदस्य अविनाश शुक्ला, उमाकांत तिवारी एवं सुबीर तिवारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

7वें वार्षिक स्नेह सम्मेलन को संबोधित करते हुए ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को अच्छी शिक्षा का अधिकार है। इसीलिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए विप्र पब्लिक स्कूल स्थापित किया गया है। जिससे उन्हें भी अंग्रेजी माध्यम में अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जा सके। ज्ञानेश शर्मा ने कहा विप्र पब्लिक स्कूल में अध्ययन अध्यापन के साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों के लिए संपूर्ण सुविधा उपलब्ध की गई है।

इस अवसर पर बच्चों के साथ उपस्थित पलकों को संबोधित करते हुए विप्र महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने



कहा कि न्यूनतम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम में प्रदान करने के लिए विप्र पब्लिक स्कूल दृढ़ संकल्पित है। विप्र पब्लिक स्कूल के प्राचार्या पदमा ओझा स्कूल की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्यार्थियों के आंतरिक गुणों के विकास के लिए अध्ययन अध्यापन के साथ नियमित रूप से खेलकूद के साथ अन्य गतिविधियां विप्र पब्लिक स्कूल की पहचान है। इस अवसर पर खेलकूद, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

### रविवि के कुलपति को जन्मदिन की बधाई दी गई

रायपुर, 21 जनवरी। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला जी को उनके निवास स्थान में जाकर जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सुख मय जीवन की कामना की। संघ के पूर्व अध्यक्ष श्रवण सिंह ठाकुर एवं सचिव प्रदीप मिश्रा ने कुलपति से सेवानिवृत होने वाली कर्मचारियों के लिए पूर्व की परंपरा को प्रारंभ करवाने का आग्रह किया। दोनों पदाधिकारियों ने जानकारी दिया कि संघ की पहल पर पूर्व में विश्वविद्यालय में जो कर्मचारी अपने जीवन के 35 से 40 वर्ष की सेवा कर सेवानिवृत्ति होते थे, उन्हें सेवानिवृत्ति के दिन ही विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा एक विदाई कार्यक्रम आयोजित कर अवकाश नगदी करण का भुगतान, सामान्य भविष्य निधि का चेक प्रदान किया जाता था और उन्हें विश्वविद्यालय के वहां से ससम्मान उनके निवास स्थान तक पहुंचाया जाता था, जो विगत वर्ष से समाप्त कर दिया गया है। वर्तमान में केवल अवकाश नगदी कारण की राशि प्रदान किया जाता है, जो उचित नहीं है, कर्मचारियों को उसी दिन अवकाश नगदीकरण, भविष्य निधि और संभव हो तो भारतीय जीवन बीमा के समूह बीमा की राशि का भुगतान करवाने तथा सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों का पेंशन अति शीघ्र निर्धारित करवाने का आग्रह किया।









कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26